|| श्री हरि शरणम् ||

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 13 अंक - 246

रायसेन
शुक्रवार, 06 मार्च 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित

**खास बात**

*विष किसी भी नियत से खाया जाय, विष ही का काम करेगा। कभी अमृत नहीं हो सकता। जवानी दीवानी होती है।*

**- प्रेमचंद्र**

# हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरता है होली का उत्सवः मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**सभी ने हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर दीं बधाई**

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेशवासियों को उत्साह, उमंग और समरसता के पावन पर्व होली की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि यह उत्सव हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरे और समाज में सद्भाव-सकारात्मकता और एकता का रंग सदा चटक रहे यही कामना है। सीएम ने सभी से आत्मीयता और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का आह्वान किया। सीएम ने होली पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे नागरिकों के साथ होली की मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। सीएम ने मुख्यमंत्री निवास पधारे संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। वरिष्ठ और गणमान्य नागरिकों का अभिवादन किया तथा सभी आगंतुकों पर पुष्प वर्षा एवं गुलाल उड़ाकर मेजबान के रूप में सबका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को गुलाल लगाया और पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ उनके सुर में सुर भी मिलाया।

सीएम को मुख्यमंत्री निवास पधारे राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, वरिष्ठ सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मनु श्रीवास्तव, शिवशेखर शुक्ला , प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव , सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह, खाटू श्याम मंदिर भोपाल के प्रमुख प्रचारक पूज्य अनिल आनंद महाराज सहित कई जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार गण और वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगल कामनाएं दीं। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में उड़ते रंग गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच, ब्रज-बरसाने के होली गीतों, पारंपरिक संगीत और मयूर नृत्य के साथ उल्लास और उमंग से सराबोर वातावरण में सभी ने शालीनता के साथ पर्व का आनंद लिया। मंच पर प्रस्तुति दे रहे कलाकारों ने रंग बरसे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, होली खेलें रघुवीरा, आज ब्रज में होली रे रसिया जैसे होली गीतों का सस्वर गायन कर सभी के उल्लास को दोगुना कर दिया।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यालय परिवार के साथ गुलाल लगाकर मनाई होली

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यालय परिवार के समस्त सदस्यों को गुलाल लगाकर होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी स्नेह, विश्वास, सहयोग और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की निरंतर बढ़ती ताकत और सफलता के पीछे कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कार्यालय परिवार के सदस्यों का भी अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। पार्टी कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारी संगठन की उस मजबूत नींव की तरह हैं, जो निरंतर और निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को सशक्त बनाते हैं।



# टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचा भारत, इंग्लैंड को 7 रन से हराया



**मुंबई।** भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में चौथी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके।

*( विस्तृत समाचार खेल पेज पर )*

## फ्लाई ऐश उपयोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिले चार प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने विद्युत उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि अर्जित की है। कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के वैज्ञानिक, सुनियोजित एवं अधिकतम उपयोग के लिये किए जा रहे सतत् प्रयास करने के लिए गोवा में आयोजित 15 वें फ्लाई ऐश उपयोगिता पुरस्कार 2026 समारोह में चार प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया।

### शुजालपुर नगरपालिका ने जनसेवा और लोककल्याण के 100 वर्ष पूरे किए

# 3 करोड़ में बनेगा नपा का नया भवन, विकास कार्यों के लिए सीएम ने दिए 2 करोड़ रुपए

**शुजालपुर वीरों की भूमि : मुख्यमंत्री**

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शुजालपुर नगरपालिका परिषद का शताब्दी वर्ष यहां के हर नागरिक के सम्मान और गौरव का उत्सव है। यह शहर की विरासत, उपलब्धियों और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने शुजालपुर नगरपालिका के नए भवन के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपये और सड़कों सहित अन्य विकास कार्यों के लिए दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुजालपुर नगरपालिका ने जनसेवा और लोककल्याण के 100 वर्ष पूरे किए हैं। शहर में स्वच्छता और विकास के कार्यों में लगातार प्रगति हो रही है और आने वाले समय में इसे राष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर स्थान दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में शुजालपुर में कई विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। इसमें ऑडिटोरियम और सीसी रोड के लिए 5 करोड़ रुपये, कायाकल्प योजना के तहत सड़क निर्माण के लिए 6 करोड़ 60 लाख रुपये और अमृत-2 योजना के तहत जल प्रदाय व्यवस्था के लिए 12 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुजालपुर वीरों की भूमि रही है और इसका ऐतिहासिक महत्व भी रहा है। उन्होंने कहा कि यहां विकास कार्यों के माध्यम से सड़क, बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही शहर की पेयजल समस्या को हल करने और जमघड़ नदी की सफाई के लिए करीब 21 करोड़ 55 लाख रुपये की योजना पर काम किया जा रहा है।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी क्षेत्र के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री से शुजालपुर में नए और बड़े बस स्टैंड के लिए भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया। समारोह में पूर्व मंत्री विजेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



## गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को ना हो कोई परेशानी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिला कलेक्टर पंजीकृत किसानों में से चिन्हित किसानों के सत्यापन, उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता और किसानों को समय पर भुगतान के लिए शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करें। गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 16 मार्च से 5 मई तक होगा और शेष संभागों जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, चम्बल व सागर में 23 मार्च से 12 मई तक किया जाएगा। किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक करा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में आयोजित अभियान की राज्य स्तरीय बैठक के बाद जिला कलेक्टर्स से वर्चुअल संवाद में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपार्जन केन्द्रों का समय-सीमा में निर्धारण, उनकी स्थापना और इन केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य में लगे अमले के उपयुक्त प्रशिक्षण सहित जिला उपार्जन समिति द्वारा नियमित बैठक कर समस्याओं के त्वरित निदान की व्यवस्था की जाए। किसानों को अद्यतन जानकारियां सरलता से उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स को खाड़ी देशों में वर्तमान में निर्मित अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए इन देशों में रह रहे जिले के विद्यार्थियों, नागरिकों के परिवारों से सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली और वल्लभ भवन मंत्रालय में प्रदेशवासियों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### शांति और कूटनीति पर दिया जोर

# पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से पश्चिम एशिया में तनाव पर की चर्चा




**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच अहम बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में बिगड़ते हालात पर चिंता जताई और कहा कि हालात को संभालने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता जल्द बहाल होना बेहद जरूरी है। इस बातचीत को ऐसे समय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने अपने मित्र फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से ही संभव है। दोनों नेताओं ने यह भी कहा कि वे क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए एक-दूसरे के साथ संपर्क बनाए रखेंगे और जरूरी समन्वय करेंगे ताकि हालात को जल्द सामान्य किया जा सके।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच फ्रांस ने अपनी सैन्य रणनीति में बदलाव किया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांस के परमाणु ऊर्जा से चलने वाले विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल को बाल्टिक सागर से भूमध्यसागर की ओर भेजने का आदेश दिया है। इस युद्धपोत के साथ कई फ्रिगेट जहाज भी तैनात किए जा रहे हैं। इसके अलावा इस जहाज के एयर विंग के साथ लड़ाकू विमान भी तैनात किए गए हैं ताकि सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

फ्रांस ने क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी और मजबूत कर दी है। राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया कि राफेल लड़ाकू विमान, एयर डिफेंस सिस्टम और हवाई निगरानी के लिए विशेष रडार प्लेटफॉर्म पहले ही तैनात किए जा चुके हैं।

**ड्रोन हमलों को मार गिराने का दावा**

मैक्रों ने कहा कि संघर्ष की शुरुआत के समय फ्रांसीसी सेना ने आत्मरक्षा में कई ड्रोन को मार गिराया था। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सहयोगी देशों के हवाई क्षेत्र की रक्षा के लिए की गई थी। हालांकि उन्होंने इस सैन्य कार्रवाई के बारे में ज्यादा तकनीकी जानकारी साझा नहीं की। फ्रांस ने यह भी कहा कि उसके सहयोगी देश जानते हैं कि जरूरत पड़ने पर फ्रांस उनके साथ खड़ा रहेगा।

# नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए किया नामांकन, गृह मंत्री अमित शाह भी रहे मौजूद

**पटना ■ एजेंसी**

बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के निर्णय को प्रदेश की सियासत में बड़े उलटफेर की संभावना है। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया।

इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। बिहार एनडीए के सभी उम्मीदवार नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, शिवेश कुमार राम और उपेंद्र कुशवाहा विधानसभा परिसर पहुंचे और राज्यसभा के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ पटना में शिष्टाचार मुलाकात की।' गुरुवार को ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास व समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, और उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है।



## नीतीश कुमार ने सीएम की कुर्सी छोड़ने का किया ऐलान

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की अटकलों के बाद जदयू पार्टी के कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला है। गुरुवार को पटना में बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास के बाहर इकट्ठा हुए और उनके समर्थन में नारे लगाए। 5 मार्च को सुबह-सुबह नीतीश कुमार का ट्वीट आया जिसमें नीतीश कुमार ने कहा कि संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं... यह कहते हुए नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। नीतीश ने कहा, 'मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपके साथ मेरा यह संबंध भविष्य में भी बना रहेगा।

# प. बंगाल के राज्यपाल ने इस्तीफा दिया विधानसभा चुनाव से पहले बढ़ी हलचल

**कोलकाता ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले ने राज्य की राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है। चुनाव से पहले राज्यपाल का पद छोड़ना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। सीवी आनंद बोस ने 17 नवंबर 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था। फिलहाल वह दिल्ली में मौजूद हैं और उनके इस्तीफे की आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है।



इस इस्तीफे के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे समय में राज्यपाल का पद छोड़ना राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। हालांकि अब तक न तो राजभवन की ओर से और न ही केंद्र सरकार की ओर से इस फैसले को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी किया गया है।


## लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने भी दिया पद से इस्तीफा

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस अचानक त्यागपत्र से प्रदेश की राजनीति में बड़ी हलचल मच गई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ ही देर पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी इस्तीफा दिया था। कविंदर गुप्ता के इस्तीफे की खबर ने राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस फैसले के पीछे के कारणों को लेकर विभिन्न स्तरों पर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



## अंतर्मना उवाच

***सुख दुःख कुछ नहीं, सिर्फ मन का समीकरण है..!***



*'मन' शब्द बड़ा ही चमत्कारिक है - **मन के आगे 'न' लगाने से 'नमन' हो जाता है और 'न' शब्द मन के पीछे लगाने से 'मनन' हो जाता है।** यदि जीवन में मनन और नमन को आत्मसात कर लें, तो जीवन सुख शांति से भर जाये और सफल सार्थक भी हो जाये।*

*आज मन को शांत रखना ही सबसे कठिन काम हो गया है। **मन की अशांति के कारण** -- ना नींद आती है, ना भूख लगती है ना प्यास, ना किसी से बात करने का मन करता है, ना कहीं जाने आने का, ना जाप में मन लगता है, ना पाठ में, ना मंदिर में। मन की अस्वस्थत: शरीर को लाचार और परेशान कर देती है।*

***75% मन की अशांति -- मोबाइल के कारण से है।** इसलिए तीन समय मोबाइल को इग्नोर करें --*

- *भोजन के समय मोबाइल को चार्जिंग पर लगा दें।*
- *सोने से पहले बिस्तर पर जाते समय मोबाइल का इंटरनेट बंद कर दें।*
- *शौचालय जाते समय मोबाइल साथ लेकर न जाएँ।*

*फिर देखो -- **सभी कार्य समय से संपन्न होंगे और कार्य करने का आनंद भी आयेगा...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

### आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मिलेगी निशुल्क कोचिंग की सुविधा

# उपहार नहीं, उपकार का संदेशः शिवराज ने 'मामा कोचिंग' शुरू की

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**




*केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अपना जन्मदिन 'प्रेम और सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए निशुल्क मामा कोचिंग क्लासेस शुरू करने समेत पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा से जुड़े कई बड़े संकल्प लिए। राजधानी भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में परिवार के साथ पौधरोपण कर शिवराज ने लोगों को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। साथ ही अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा में युवाओं, छात्रों, ग्रामीणों और दिव्यांगजनों के लिए कई नई पहल शुरू करने की घोषणा की। शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन पर लोगों से अपील की कि वे फूल-मालाओं और होर्डिंग्स की जगह पौधे लगाकर प्रकृति की सेवा करें। उन्होंने 'उपहार नहीं, उपकार' का संदेश देते हुए हर व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया। उनके इस आह्वान पर हजारों लोगों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में पौधे लगाए और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।*

**माता-पिता की स्मृति में होगा प्रतिभा सम्मान**

*चौहान ने विदिशा में एक कार्यक्रम में अपने माता-पिता की स्मृति में 'प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान' शुरू करने की घोषणा भी की। इस योजना के तहत विदिशा लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में 10 वीं और 12 वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। टॉप करने वाले छात्रों को 51 हजार, 31 हजार और 21 हजार रु. की सम्मान राशि दी जाएगी, ताकि उन्हें आगे पढ़ने व बेहतर करने की प्रेरणा मिल सके। युवाओं के लिए उन्होंने 'मामा कोचिंग क्लासेस' शुरू करने का भी ऐलान किया। इन कोचिंग क्लासेस में आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को बैंकिंग, एसएससी, एमपीपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी कराई जाएगी।*

## यूएन ने कहा- खाड़ी क्षेत्र में 35 हजार लोग फंसे, ईरान में 1230 पहुंचा मौत का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में नाविक और यात्री फंस गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार करीब 20 हजार नाविक और 15 हजार क्रूज जहाजों के यात्री खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से समुद्री मार्गों पर हालात गंभीर हो गए हैं। आईएमओ के महासचिव ने कहा कि संगठन प्रभावित नाविकों की सुरक्षा और उनके हालात सुधारने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में जहाजों से जुड़े सात घटनाक्रम दर्ज किए गए हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हुई है और सात लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि निर्दोष नाविकों पर हमले किसी भी हालत में उचित नहीं हैं और जहाज कंपनियों से प्रभावित क्षेत्र में काम करते समय अधिकतम सावधानी बरतने की अपील की गई है।



## संक्षिप्त समाचार



### शास्त्रीय संगीत सभा राग मंत्र का आयोजन कल

**जबलपुर।** शास्त्रीय संगीत के विकास एवं उन्नयन की दृष्टि से जबलपुर में आर्ट हब, हैदराबाद एवं आई.टी.सी. संगीत रिसर्च अकादमी, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन स्थानीय शहीद स्मारक सभा गृह, गोलबाजार में शनिवार 7 मार्च 2026 को सायं 06 :30 से आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में देश के विख्यात गायक पं. उल्हास कशालकर (पुणे) के शास्त्रीय गायन के साथ पं. सुरेश तलवलकर (पुणे) की तबला संगत एवं श्री शौनक रॉय, सरोद (कोलकाता) के साथ श्री जयंत सरकार (कोलकाता) तबला संगत की प्रस्तुती होगी। कार्यक्रम संयोजक प्राध्यापक अखिलेश सप्रे ने सभी संगीत प्रेमियो से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है ।

### प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में है पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी

**सीहोर।** प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यह जानकारी ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी द्वारा गुरुवार को मंत्रालय में की गयी पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान दी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के निर्देश दिये थे। समीक्षा बैठक में ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान खपत को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अपर मुख्य सचिव ने ऑयल कम्पनियों को जिलावार अपने फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी को संभागायुक्त एवं कलेक्टर से सम्पर्क करने तथा नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो। डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए।

### राजस्व मंत्री ने बिलकिसगंज में किया पौधारोपण

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने बि ?लकिसगंज के शासकीय सांदीपनी स्कूल में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बिलकिसगंज एवं झागरिया के ग्रामवासियों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## ग्वालियर में व्यापारी से दिनदहाड़े 12 लाख की लूट

# आंखों में मिर्ची स्प्रे डालकर 3 बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर में दिनदहाड़े लूट की एक वारदात सामने आई है। कोटा के ऑटो स्पेयर पार्ट व्यापारी भरत भुटानी से तीन नकाबपोश बदमाशों ने लगभग 12 लाख रुपए कीमत के सोने के आभूषण लूट लिए। यह घटना गुरुवार दोपहर 3:00 से 3:30 बजे के बीच पड़ाव थाना क्षेत्र स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई।

बदमाशों ने पहले व्यापारी भरत भुटानी की आंखों में मिर्ची स्प्रे डाला। इसके बाद कट्टा दिखाकर उनके गले से 8 तोला वजनी सोने की चेन और हाथ का कड़ा लूटकर फरार हो गए।

पीड़ित व्यापारी भरत भुटानी (निवासी 157 राजीव गांधी नगर, कोटा) तानसेन नगर में रहने वाले अपने एक व्यापारी मित्र से मिलने के लिए गुरवार को एक्टिवा पर सवार होकर जा रहे थे। तभी रास्ता भटकने के कारण वे रेलवे पटरी की तरफ चले गए, जहां पहले से ही मौजूद तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया।

घटना के कुछ देर बाद व्यापारी ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी देते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। हालांकि, पुलिस को इस लूट के मामले पर अभी संदेह भी है।



भरत भुटानी ने पुलिस को बताया कि वे 27 फरवरी को कोटा से ग्वालियर आए थे। वे यहां होली पर आदर्श रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में शामिल होने पहुंचे थे। व्यापारी पिछले 8 सालों से इस रामलीला में विभिन्न महापुरुषों के किरदार निभाते आ रहे हैं।

पड़ाव थाना प्रभारी शैलेंद्र भार्गव ने बताया कि व्यापारी ने थाने आकर शिकायत की थी कि उसे गलत रास्ता बताकर बदमाशों ने पहले आंखों पर मिर्ची स्प्रे डाला, फिर सोने के जेवर लूटकर ले गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच की जा रही है। साथ ही घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। जो भी जांच में सामने आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्वालियर में पेपर बिगड़ा तो छात्रा ने फांसी लगाई

ग्वालियर में 10वीं कक्षा की एक 15 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्रा का गणित का पेपर बिगड़ने के कारण तनाव में थी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के सिद्धेश्वर नगर में 3 मार्च की रात करीब 7 :00 से 9 :00 की बीच की है। घटना से पहले छात्रा एंजेल तिवारी कोचिंग पढ़ने के बाद घर पहुंची थी और अपनी मां व छोटे भाई के साथ खाना खाया था फिर वह अपने कमरे में सोने चली गई थी। लगभग दो घंटे बाद जब मां उसे देखने कमरे में पहुंचीं, तो वह फांसी के फंदे पर लटकी मिलीं। मां के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। छात्रा के पिता दुर्गा प्रसाद तिवारी पिछले 10-15 सालों से दुबई में नौकरी करते हैं। एंजेल अपनी मां और छोटे भाई के साथ ग्वालियर में ही रहकर पढ़ाई कर रही थी। सूचना मिलते ही थाटीपुर थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा। शुरुआती जांच के बाद शव को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया। पिता के दुबई में होने के कारण शव को 5 मार्च तक पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया था।

## बुधनी में पत्रकार ने पेश की मानवता की मिसाल, बेसहारा आदिवासी युवक को परिवार से मिलाया



मिडघाट के जंगल में भटक रहे युवक को भोजन, आश्रय और मदद देकर 170 किमी दूर से आए परिजनों को सौंपा

बुधनी ■ निसं

पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवता का भाव भी इसमें अहम भूमिका निभाता है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक मामला बुधनी में सामने आया, जहां एक युवा पत्रकार ने मानवता का परिचय देते हुए जंगल में भटक रहे एक बेसहारा आदिवासी युवक की मदद कर उसे सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेमचंद आदिवासी, पिता कमलेश आदिवासी, निवासी ग्राम जमुनिया थाना सिलवानी जिला रायसेन, बुधनी के मिडघाट के जंगल में बेहद दयनीय हालत में भटकते हुए मिले। युवक के कपड़े फटे हुए थे और वह भूखा-प्यासा व बेसुध अवस्था में इधर-उधर घूम रहा था। इसी दौरान स्थानीय पत्रकार गोवर्धन सोनी की नजर उस पर पड़ी। युवक की हालत देखकर उन्होंने उससे बातचीत की।

बातचीत में युवक ने अपना नाम और पता बताया। उसने बताया कि दो लोग उसे यहां लेकर आए थे और जंगल में कुछ खिला दिया, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। होश आने पर वह खुद को जंगल में अकेला पाया और दो-तीन दिनों से भूखा-प्यासा भटक रहा था।

स्थिति को देखते हुए पत्रकार गोवर्धन सोनी उसे अपने साथ लेकर आए और अपनी दुकान पर ठहराया। उन्होंने उसे आराम करने के लिए बिस्तर दिया तथा घर से भोजन बनवाकर खिलाया।

## ड्राई डे बना मज़ाक

# इंदौर में खुलेआम बिकी अवैध शराब, पुलिस-आबकारी की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

इंदौर ■ निसं

होली के अवसर पर घोषित ड्राई डे इंदौर में पूरी तरह मज़ाक बनकर रह गया। प्रशासन की सख्ती के दावों के बीच शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अवैध शराब की खुलेआम बिक्री होती रही, जबकि पुलिस और आबकारी विभाग या तो सोता रहा या फिर उनकी मिलीभगत की चर्चा आम लोगों में होती रही। जानकारी के अनुसार इंदौर ग्रामीण के हातोद क्षेत्र से लेकर शहर के कई हिस्सों में ड्राई डे का कोई असर दिखाई नहीं दिया। शराब माफिया ने इस मौके को कमाई का बड़ा अवसर बना लिया और कई जगहों पर गुप्त ठिकानों से खुलेआम शराब बेची गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन वास्तव में कार्रवाई करता तो इतनी बड़ी मात्रा में शराब की बिक्री संभव ही नहीं थी।

**हातोद में सक्रिय रहे शराब माफिया:** सूत्रों के मुताबिक हातोद क्षेत्र में पंकज चौकसे और मिठाईलाल चौकसे के नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। आरोप है कि इनके नेटवर्क के जरिए ड्राई डे के दिन भी शराब की जमकर सप्लाई होती रही और कई स्थानों पर रातभर अवैध बिक्री का सिलसिला चलता रहा।



**सुपर कॉरिडोर बना अवैध शराब का अड्डा:** इसी तरह सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में भी अवैध शराब का कारोबार चरम पर रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार सुभाष पाठक के कम से कम पांच अलग-अलग ठिकानों से बड़े पैमाने पर शराब बेची गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि केवल एक दिन में ही लाखों रुपये की अवैध शराब खपाई गई।

**कार्रवाई क्यों नहीं हुई?:** सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब ड्राई डे की घोषणा पहले से थी और पुलिस-आबकारी विभाग लगातार चेकिंग के दावे कर रहा था, तो फिर इतनी बड़ी मात्रा में शराब की बिक्री कैसे हो गई। क्या विभागीय अधिकारियों को इसकी भनक नहीं लगी या फिर यह सब उनकी जानकारी में ही होता रहा?

**लोगों में आक्रोश:** स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार त्योहारों पर ड्राई डे की घोषणा केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। शराब माफिया और कुछ अधिकारियों की कथित सांठगांठ के कारण कानून का खुलेआम मजाक उड़ाया जाता है।

शहर के कई सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि ड्राई डे के दिन ही इस तरह अवैध शराब बिकती रही तो यह साफ संकेत है कि शराब माफिया का नेटवर्क बेहद मजबूत है और उसे रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जरूरी है।

होली जैसे बड़े त्योहार पर ड्राई डे की व्यवस्था पूरी तरह विफल नजर आई। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में केवल बयानबाजी करता है या वास्तव में शराब माफिया और जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई भी होती है।

### 12 मार्च से शुरू होगा पहले सावे का गणगौर उत्सव रतवाड़ा में सज रहा भव्य पंडाल

**सिवनी मालवा।** ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरा और संस्कृति को सहेजते हुए उत्सव को आज भी बडे ही उत्सव के साथ मनाए जाते हैं होली के बाद गणगौर उत्सव भव्य और अनुशासित रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है! 12 मार्च से पहले सावे का गणगौर उत्सव विधिवत प्रारंभ होगा। परंपरा के अनुसार होलीं दहन स्थल के पास से खड़े लाकर उत्सव की शुरआत हो जाएगी। ग्राम रतवाड़ा में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजक श्री मति लक्ष्मीबाई, शंकर सिंह राजपूत, सत्यनारायण सिंह राजपूत समेत समस्त रतवाडा ग्रामवासीओं द्वारा आकर्षक पंडाल सजाए जा रहे हैं। रंग- बिरंगी विद्युत सज्जा, पारंपरिक झांकियां और भव्य मंच निर्माण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। गांवों की गलियों में भी सजावट नजर आ रही है। कई युवा युवतियां गणगौर की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। 12 मार्च दिन गुरुवार (चैत्र कृष्ण नवमी) खड़ारखना एवं स्थापना 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार ( चैत्र सुदी एकम)।

## बुधनी में होली का रंग दूसरे दिन भी बरकरार, गली-मोहल्लों में उड़ा गुलाल

### बच्चों ने खेली जमकर होली, बड़े-बुजुर्गों ने गले मिलकर दी शुभकामनाएं; पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

बुधनी ■ निसं

नगर में होली का उत्साह एक दिन बाद भी कम नहीं हुआ। गली-मोहल्लों में रंग और गुलाल की धूम देखने को मिली। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए होली का आनंद लिया, वहीं बड़े और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। नगर के कई स्थानों पर लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ होली मनाते नजर आए। घरों और मोहल्लों में होली के गीतों और रंगों के साथ त्योहार की खुशियां साझा की गईं।

वहीं होली के अवसर पर बुधनी पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों



पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति की स्थिति उत्पन्न न हो।

एसडीओपी रवि शर्मा के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर संदीप जाट और पुलिस की पूरी टीम लगातार नगर में गश्त करती रही और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। प्रशासन की सतर्कता के चलते बुधनी की जनता ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का पर्व मनाया।

## देवताओं की होली 'रंगपंचमी' पर निकलेगी परंपराओं की टोली

# इंदौर की ऐतिहासिक 'गेर': जब आसमान होता है सतरंगी और थम जाती है वक्त की रफ्तार

इंदौर ■ निसं

देशभर में होली का खुमार भले ही धुलेंडी के साथ कम होने लगता है, लेकिन मिनी मुंबई कहे जाने वाले इंदौर में असली जश्न की शुरुआत तो रंगपंचमी से होती है। चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की पंचमी को मनाए जाने वाला यह पर्व 'देवताओं की होली' के रूप में जाना जाता है। इस दिन शहर की सड़कों पर आस्था, उत्साह और भाईचारे का जो सैलाब उमड़ता है, उसे दुनिया 'गेर' के नाम से जानती है।

**रंगू पहलवान और टोरी कॉर्नर:** जहाँ से शुरू हुआ आधुनिक स्वरूप- शहर के वरिष्ठ कवि सत्यनारायण सत्तन इस परंपरा के एक दिलचस्प



किस्से का जिक्र करते हैं। उनके अनुसार, पश्चिमी इंदौर में गेर का सिलसिला साल 1955-56 के आसपास शुरू हुआ था।


**शुरुआत:** मल्हारगंज क्षेत्र में खड़े हनुमान मंदिर में 'फगुआ' गायन से इस उत्सव की नींव पड़ी।

**किस्सा:** 1955 में इसी क्षेत्र के 'रंगू पहलवान' एक बड़े लोटे में केसरिया रंग घोलकर राहगीरों पर डाला करते थे।

**भव्य रूप:** अपनी दुकान के ओटले पर बैठने वाले रंगू पहलवान और उनके साथियों ने जब इसे सार्वजनिक रूप देने की चर्चा की, तो 'टोरी कॉर्नर' चौराहे से एक भव्य आयोजन की शुरुआत हुई और यहां एक बहुत बड़े तपेले में पानी और गुलाल मिलाकर लोगों को जबरदस्ती इसमें डाला जाता था। फिर देखते ही देखते शहर के कई लोग अपने घरों से हो कलर और पानी लेकर इस चौराहे पर इकट्ठे होने लगे। जो आज एक विशाल जन-आयोजन बन चुका है।

**होलकर राजवंश: ऊंच-नीच मिटाने का संकल्प-** इतिहास का एक दूसरा पन्ना हमें होलकर शासनकाल की ओर ले जाता है। माना जाता है कि गेर की यह परंपरा सदियों पुरानी है।

## एयरपोर्ट के समीप लगी आग पर समय रहते पाया काबू, बड़ा हादसा टला



इंदौर ■ निसं

देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परिसर के पीछे सूखी झाड़ियों में लगी आग पर फायर ब्रिगेड ने समय रहते काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और ष्ट्ढ्डस्न्न की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गई थीं।

दमकल कर्मियों ने नगर निगम के टैंकरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोक दिया। आग के कारण कुछ समय तक क्षेत्र में धुएं के गुबार दिखाई देते रहे, जिससे आसपास के लोगों में हल्की चिंता की स्थिति बन गई थी।

हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सूखी घास और झाड़ियों में आग लगने की वजह गर्मी या किसी चिंगारी को माना जा रहा है। फिलहाल संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।

## योगेश कहार ने तोड़ा 20 फिट ऊँचा जत्रा का झंडा

### पुलिस के हस्तक्षेप से टला विवाद



माखननगर ■ निसं

रंगों के त्योहार होलिका दहन के दूसरे दिन एकम को मनाई जाने वाली धुरेड़ी की शाम को नगर के रामलीला मैदान में नगर परिषद द्वारा परंपरानुसार जत्रा आयोजित किया जाता है । बुधवार को शनीचरा कहार मोहल्ले के योगेश कहार ने 20 फिट ऊंचे पाईप पर लगा झंडा तोड़कर विजेता बना और नगर परिषद द्वारा रखे गए 1100/ रू का पुरस्कार प्राप्त किया ।

हर साल भरने वाले इस जत्रा मैं लोहे का पाईप गाड़ा जाता है जिसके छोर पर नारियल गुड़ व पुरूष्कार राशि सहित झंडा लगाया जाता है और पाईप पर आईल से सनी हिरमची पोती जाती है जिसकी चिकनाहट से प्रतियोगी आसानी से झंडे तक नहीं पंहुच पाता है और बार बार फिसल जाता है । प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार को हुई इस झंडा तोड़ प्रतियोगिता में अनेक युवाओं ने भाग लिया परन्तु सफलता केवल योगेश कहार को मिली । विजेता ने जीत के बाद साथियों के साथ हर्ष जताया ।

## निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

# 28 मार्च रहेगी आवेदन करने की अंतिम तिथि, 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकारअधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा।

आवेदक ने आर.टी.ई. में नि:शुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी।

**एसएमएस के माध्यम से मिलेगी जानकारी:** ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

02 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के ज़िला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## रंग गुलाल से सराबोर रहा रंगोत्सव होली, महिला पुरूषों ने जमकर खेली होली



**माखननगर।** आपसी भाईचारे का त्योहार होली के पावन पर्व पर बुधवार को जमकर उड़े रंग गुलाल जिसमें बच्चे, बूढ़े व महिला पुरूष सभी ने जमकर होली खेली । सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले लगकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी । वहीं दिवंगतों के परिजनों के दुख में सामिल हो परम्परा का निर्वाहन किया ।

## पीआईबी भोपाल का प्रेस दल कोच्चि के लिए रवाना




**भोपाल।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भोपाल का 11 सदस्यीय प्रेस टूर दल आज भोपाल विमानतल से केरल के कोच्चि के लिए रवाना हुआ। छह दिवसीय इस दौरे के दौरान दल कोचीन शिपयार्ड, आयुष मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से जुड़े विभिन्न संस्थानों और विभागों का भ्रमण करेगा। यात्रा के दौरान प्रेस दल के सदस्य केरल की पुरातात्विक धरोहर, समृद्ध संस्कृति और केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं एवं संस्थानों का भी अवलोकन करेंगे। इस प्रेस दल में विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हैं। दल में जबलपुर और इंदौर से भी पत्रकार प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और साथियों से बरामद हुआ था माल

## 100 करोड़ का सोना और करोड़ों की नकदी को सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा

भोपाल ■ निसं

आरटीओ के पूर्व करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके साथी चेतन सिंह गौर से जुड़े मामले में बरामद 100 करोड़ रुपए के सोना और नकदी को सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा। आयकर विभाग की एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने भोपाल स्थित बेनामी निषेध इकाई (बीपीयू) की कार्रवाई को सही ठहराया है। अथॉरिटी ने सौरभ शर्मा को सोने का वास्तविक मालिक बताया है। गौरतलब है की सौरभ शर्मा दिसंबर 2024 में तब चर्चा में आया था, जब लोकायुक्त, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने उसके ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी। इसी दौरान 18 और 19 दिसंबर की दरमियानी रात भोपाल के मेंडोरी में इनोवा कार से 11 करोड़ रुपए कैश और 51.8 किलो गोल्ड जब्त किए गए थे। इसका लिंक भी सौरभ से जुड़ा था। हालांकि, अब तक हुई पूछताछ में सौरभ शर्मा ने यह स्वीकार नहीं किया है कि मेंडोरी में इनोवा कार में मिला सोना और कैश उसका है। एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी द्वारा आयकर विभाग की बेनामी विंग की कार्रवाई को सही ठहराने के बाद अब सौरभ शर्मा और चेतन सिंह गौर के पास अपील का विकल्प है। दोनों यदि अपील करते हैं, तो सुनवाई के बाद इस पर फैसला होगा।



यदि तय समय सीमा के भीतर अपील नहीं की जाती है, तो भारत सरकार इस मामले में नीलामी की कार्रवाई कर गोल्ड और कैश को जब्त कर सकती है। गौरतलब है कि सौरभ शर्मा के यहाॅ छापे के बाद इनोवा कार में आयकर विभाग की टीम को इसी कार में सोना मिला था। आयकर विभाग की भोपाल स्थित बेनामी निषेध इकाई ने पीबीपीटी अधिनियम, 1988 के तहत अगस्त 2025 में सोना, नकदी और इनोवा वाहन की अस्थायी कुर्की की थी। उस समय इसकी कुल कीमत करीब 52 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

जांच एजेंसियों के अनुसार बरामद सोना और नकदी का वर्तमान मूल्य करीब 100 करोड़ रुपए आंका गया है। अब एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के फैसले के बाद इन संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आयकर विभाग ने इस लेनदेन को पीबीपीटी अधिनियम की धारा 2(9)(ए) के तहत बेनामी लेनदेन माना है। जांच में चेतन सिंह गौर को बेनामीदार और रिटायर्ड आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा को वास्तविक मालिक बताया गया है।

## दादाजी धाम मंदिर में रंग पंचमी के अवसर पर फूलों की होली का आयोजन

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर में रंग पंचमी के पावन अवसर पर रविवार को भव्य होली मिलन एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव एवं ट्रस्ट के ट्रस्टियों द्वारा बताया गया कि होली और रंग पंचमी हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका सीधा संबंध प्रकृति के रंगों से जुड़ा हुआ है। प्रकृति स्वयं विभिन्न प्रकार के फूलों के रंगों से सजी रहती है। रासायनिक रंग और गुलाल के दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए दादाजी धाम मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रविवार सायं 4 बजे से पारंपरिक रूप से रंग-बिरंगे फूलों से मंदिर में विराजमान भगवान एवं दादाजी गुरुदेव के साथ फूलों की होली खेली जाएगी। इसके पश्चात सभी भक्तगण आपस में भी फूलों की होली खेलकर इस पर्व का आनंद लेंगे। इस अवसर पर टेसू (पलाश) के नारंगी फूल, अमलतास, गेंदा, शेवंती तथा गुलाब के विभिन्न रंगों के फूलों से भक्तगण रंगीन होकर प्रभु से प्रार्थना करेंगे रंग रजवा रंग दे ऐसी चुनरिया, जिसका रंग कभी फीका न पड़े।

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय में गुरूवार को ए.एस.जी. नेत्र चिकित्सालय एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इसमें लगभग 100 से अधिक कार्मिकों ने नेत्र परीक्षण करवाया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने जांच शिविर का अवलोकन किया एवं चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। चीफ मेडिकल आफिसर डॉ. ए.के. गोयल के निर्देशन एव देखरेख में आयोजित जांच शिविर में जिन लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। साथ ही जिन लोगों को मोतियाबिंद कंफर्म हुआ उन्हें राज्य शासन द्वारा अनुमोदित अस्पताल में रैफर किया गया।

### भोपाल में तीन दिन ड्यूटी के बाद पुलिस ने मनाई होली

# गुलाल-डीजे के साथ झूमे अधिकारी और जवान

भोपाल ■ निसं

राजधानी भोपाल की सुरक्षा में लगातार ड्यूटी निभाने के बाद भोपाल पुलिस ने नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड में होली मिलन समारोह आयोजित कर रंग-गुलाल और डीजे के साथ उत्साहपूर्वक त्योहार मनाया। इस दौरान पुलिस कर्मियों में काफी उत्साह देखने को मिला। होली के त्योहार के दौरान जहां पूरे शहर में रंग और उत्साह का माहौल रहा, वहीं शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभालने में पुलिसकर्मी लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे। त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के जवान विभिन्न इलाकों में मुस्तैदी से तैनात रहे।होली के जुलूस, समारोह और सार्वजनिक कार्यक्रमों के बीच पुलिस ने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। इसके बाद जब त्योहार का मुख्य दौर शांतिपूर्वक संपन्न हो गया, तो पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी एक-दूसरे के साथ रंगों का त्योहार उत्साह से मनाया।

**पुलिसकर्मियों के बीच खासा उत्साह:** भोपाल में नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड में आयोजित होली मिलन समारोह में पुलिसकर्मियों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। यहां रंग-गुलाल के साथ डीजे की धुन पर अधिकारी और जवान जमकर थिरके। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रंगों के साथ कीचड़ और मिट्टी की होली भी खेली गई, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर डीजीपी कैलाश मकवाणा, पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, एसीपी, आरआई और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर होली के रंगों के साथ त्योहार का आनंद लिया।



### पूरे शहर में कहीं भी बड़ी अप्रिय घटना नहीं

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक Monika Shukla ने कहा कि पिछले तीन दिनों से पुलिसकर्मी लगातार शहर की सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। अब उन्हें भी अपने सहकर्मियों, मित्रों और परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मनाने का अवसर मिला है। उन्होंने भोपाल के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से होली का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय के कारण पूरे शहर में कहीं भी बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई।उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए ऐसे आयोजन जरूरी होते हैं, जिससे वे अपने साथियों के साथ त्योहार मना सकें और लगातार ड्यूटी के तनाव से कुछ समय के लिए राहत पा सकें।

### भोपाल में होली पर भव्य चल समारोह

होलिका दहन के बाद लगे चंद्र ग्रहण के असर से इस बार होली एक दिन देरी से खेली ग़ई। हालांकि, इस देरी की वजह से लोगों में उत्साह की कोई कमी नहीं है। बुधवार 4 मार्च को प्रदेशभर में होली पूरे जोश के साथ खेली ग़ई। वहीं राजधानी भोपाल समेत सभी प्रमुख शहरों में होली को लेकर खास आयोजन हो रहे है। राजधानी भोपाल में आज हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य होली चल समारोह निकाला ग़या। भोपाल में श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा दयानंद चौक से शुरू होकर जनकपुरी तक भव्य चल समारोह निकाला ग़या जिसमें इंदौर की गेर की तरह भोपाल वासी होली खेलते हुए विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के मुताबिक, '' भोपाल का होली चल समारोह नादरा में जुमेराती रोड पर दयानंद चौक से शुरू होकर पूरे शहर में भ्रमण किया।

### 11 माह में ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान 5.7 लाख मामले पकड़े गए

## फरवरी माह में 49 हजार से अधिक मामले पकड़े, 3.10 करोड़ जुर्माना राशि अर्जित



भोपाल ■ निसं

मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया के निर्देशन व वाणिज्य विभाग की टीम के आपसी समन्वय से वर्तमान वित्तीय वर्ष में अबतक 11 माह अप्रैल एवं फरवरी,2026 तक में टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 5,69,623 मामलों से 36.30 करोड़ रुपये अर्जित किये। जिसमे बिना टिकट के 2,79,940 मामले, अनुचित टिकट के 2,86,997 मामलें एवं 2,686 बिना बुक गये सामान के मामलें शामिल है।

जबकि केवल फरवरी माह में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट के 23,431 मामलें, अनुचित टिकट के 25,971 मामलें एवं 272 बिना बुक गये सामान के मामलें पकड़े गए जिससे भोपाल मंडल को केवल फरवरी में कुल 49,674 मामलों से कुल 3.10 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे भोपाल रेल मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई। जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है ।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्री सौरभ कटारिया नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### एम्स डॉक्टर सुसाइड केस में मानवाधिकार आयोग का स्वत: संज्ञान

## प्रबंधन और पुलिस से 15 दिन में मांगी विस्तृत रिपोर्ट, आरोप- शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई

भोपाल ■ निसं

भोपाल एम्स में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की आत्महत्या का मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर गूंजने लगा है। पहले भी इस प्रकरण को लेकर संस्थान की कार्यसंस्कृति और शिकायत निवारण तंत्र पर सवाल उठे थे, लेकिन अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने औपचारिक संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्य स्तर के अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। आरोप है कि ट्रॉमा एंड इमरजेंसी विभाग के तत्कालीन एचओडी डॉ. मोहम्मद यूनुस द्वारा लगातार प्रताडऩा और सार्वजनिक अपमान से परेशान होकर चिकित्सक ने बेहोशी की दवाइयों का ओवरडोज लेकर जान दे दी।



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पीठ, जिसकी अध्यक्षता प्रियंक कानूनगो कर रहे हैं, ने इस मामले को गंभीर मानते हुए स्वत: (स्वयं की पहल पर) संज्ञान लिया। आयोग की ओर से भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव, एम्स भोपाल के निदेशक और भोपाल पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया गया है।

आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। रिपोर्ट में संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा की गई कार्यवाही का पूरा विवरण, दर्ज एफआईआर की प्रति और पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनिवार्य रूप से शामिल की जाए। इस प्रकरण को लेकर आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर विस्तृत ट्वीट किया।

अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि भोपाल के एम्स में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर सृष्टि (नाम परिवर्तित) ने ।ह्लष्ठ डॉ. परवेज (नाम परिवर्तित) की प्रताडऩा और अपमान से तंग आकर बेहोश करने वाली दवा के ओवरडोज से आत्महत्या कर ली। ट्वीट में यह भी उल्लेख किया गया कि महिला चिकित्सक ने तीन बार प्रताडऩा की शिकायत की थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया। ऐसे में चिकित्सक ने आत्महत्या कर ली। कानूनगो ने इसे गंभीर शिकायत बताते हुए जांच के निर्देश दिए और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

आरोप- शिकायतों पर नहीं हुई कार्रवाई

शिकायत के अनुसार, विभागाध्यक्ष द्वारा कथित रूप से लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था। सार्वजनिक रूप से अपमान, पेशेवर कामकाज में बाधाएं और अनुचित व्यवहार जैसे आरोप लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि डॉ. रश्मि ने संस्थान की आंतरिक शिकायत प्रणाली के तहत शिकायत दर्ज कराई थी।

## बेटों की शराब की लत से परेशान मॉ ने होलिका दहन के बाद फांसी लगाई

**भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाली महिला ने मंगलवार को होलिका दहन के बाद रात करीब 12:30 बजे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शुरुआती जॉच में सामने आया है की मृतका अपने बेटों की शराब की लत को लेकर काफी तनाव में रहती थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बैरागढ़ चीचली गांव में रहने वाली पुष्पा बाई पति विरेंद्र सिंह (50) घरेलू महिला थीं। उनके पति मजदूरी करते हैं। पुष्पा के दो बेटे और एक बेटी हैं। तीनों की शादी हो चुकी है। उसके बेटो को शराब पीने की लत हैं। शराब के नशे में बेटे आए दिन परिजनों से विवाद करते थे। जब मां उन्हें समझाइश देते हुए शराब न पीने का कहती तब वह उनसे भी विवाद करते थे। बेटों की शराब की लत से पुष्पा काफी दुखी रहती थीं। बुधवार रात पुष्पा के घर के पास होलिका दहन किया गया। वह होलिका दहन देखकर अपने घर के अंदर चली गईं। इस दौरान उनके बेटे और बहू पड़ोस में रहने वाली मौसी के घर गए थे। उधर पुष्पा ने तोलिये का फंदा बनाकर पाइप के सहरे फांसी लगा ली। जब बच्चें वापस घर लौटे तो उन्हें मां का शव फंदे पर लटक नजर आया, इसके बाद हादसे की सूचना पुलिस को दी गई।

## अनुसूचित जाति के बच्चों को भी डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनाएगी सरकार

भोपाल ■ निस

आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभाशाली अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित आकांक्षा योजना में 6 साल बाद फिर शुरू की गई है। कोरोना के चलते करीब छह साल से बंद योजना को फिर से गति दी गई है और इस बार 331 विद्यार्थियों को कोचिंग के लिए चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थी अब सरकारी मदद से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाएंगे।

राज्य शासन की योजना के तहत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को नीट, जेईई और क्लेट जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग और आर्थिक सहायता की योजना शुरू की थी, लेकिन कोविड के कारण पिछले 6 साल से बच्चों का नुकसान हो रहा था। इस योजना को इस साल फिर शुरू किया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर और वकील जैसे पेशों तक पहुंचने का अवसर एक बार फिर मिलेगा।

इस सत्र में कुल 331 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें 104 बालक और 227 बालिकाएं शामिल हैं। चयनित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग के साथ आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। योजना के तहत बालकों को प्रतिमाह 1650 रुपए और बालिकाओं को 1700 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

### 2019 से था इंतजार...लाखों का भुगतान

आकांक्षा योजना का पहला सत्र वर्ष 2018-19 में संचालित किया गया था। उस समय विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कोचिंग दी गई थी। उस सत्र में नीट में 16, जेईई में 13 और क्लेट में 22 विद्यार्थियों का चयन भी हुआ था। इस तरह कुल 51 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की थी। इसके बाद 2020-21 में कोविड-19 महामारी के कारण कोचिंग संस्थान लंबे समय तक बंद रहे। इससे योजना का संचालन प्रभावित हुआ और नियमित कक्षाएं नहीं चल पाईं। महामारी के कारण योजना की गति भी धीमी पड़ गई थी। अब वर्ष 2024-25 में योजना को दोबारा शुरू किया गया है।

### चरित्र संदेह को लेकर हैवान बना पति, गला दबाकर कर दी पत्नि की हत्या

## पति ने गला दबाकर मार डाला, बनाई बालकनी से कूदकर खुदकुशी की कहानी

### लाश के कपड़े बदलकर खाली पड़े प्लॉट पर फैंक दिया

भोपाल ■ निसं

राजधानी के कजलीखेड़ा थाना इलाके में सोमवार सुबह यहाॅ स्थित देवग्रीन सिटी में रहने वाली तीन बच्चो की मॉ की संदिग्ध हालतो में मौत हो जाने की घटना में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। शुरुआत में महिला द्वारा बालकनी से कूदने की बात कहकर इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा था, लेकिन घटनास्थल की बारीकी से गई जांच और एफएसएल रिपोर्ट ने सारे राजफाश करते हुए अंधे कत्ल की परते उधेड़ते हुए आरोपी पति को उसके अंजाम तक पहुचां दिया।

मामले में जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह यहाॅ रहने वाली मृतका सोनम प्रजापति (35) का शव घर के बगल वाले खाली प्लाट में पड़ा मिला था। शुरुआती जॉच में आरोपी पति जितेंद्र प्रजापति (32) ने पुलिस से बचने के लिये झूठी कहानी रची और पुलिस टीम को बताया सोनम देर रात तक मोबाइल चला रही थी। इस बात को लेकर उसका उससे विवाद हुआ था। बाद में वह सोने चला गया और रात के समय सोनम ने दूसरी मंजिल की बालकनी से नीचे कूदकर जान दे दी। वहीं बच्चों ने भी पुलिस को बताया था कि मां पहले भी आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश कर चुकी थी। और मोबाइल पर बातचीत को लेकर उसका पिता से झगड़ा होता रहता था। लेकिन घटनास्थल की जॉच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पति की साजिश से पर्दा उठा दिया।

संदेह के आधार पर जब पुलिस ने संदेही पति जितेंद्र प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तब सामने आया की सोनम घरेलू महिला थी। वहीं पति कारपेंट्री का काम करता हैं। उसका परिवार मूल रूप से जबलपुर का रहने वाला है, और बीते करीब 10 साल से भोपाल में रह रहा था। दंपत्ति के 14 साल की बेटी सहित दो बेटे है। जितेंद्र अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी विवाद के चलते एक महीने पहले उसने सोनम का मोबाइल भी तोड़ दिया था। घटना वाली रात यानी 1 मार्च 2026 को मोबाइल चलाने की बात पर दोनों के बीच एक बार फिर विवाद हो गया। गुस्से में आये जितेंद्र ने सोनम की कुर्ती से उसका गला घोंटते हुए उसे जोर से लात मारी, जिससे सोनम का सिर फर्श से टकरा गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पत्नि की हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए आरोपी पति ने पहले फर्श पर फैला खून साफ किया। इसके बाद सोनम की लाश से पहने हुए उसके खून से सने कपड़े उतारकर धोए और उन्हें दोबारा उसे पहना दिया। इसके बाद वह पत्नि की लाश को उठाकर घर के पास वाले खाली प्लाट में पानी के बीच फैंक कर आ गया, जिससे उसकी मौत हादसा या आत्महत्या जैसी लगे। थाना पुलिस ने आरोपी पति जितेन्द्र प्रजापति पिता भगवानदास प्रजापति निवासी, देवग्रीन सिटी सुहागपुर रोड कजलीखेडा के खिलाफ हत्या मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया आगे की कार्यवाही कर रही है।

### जीएडी ने एसीएस और पीएस से मांगी सालभर के कामकाज की रिपोर्ट

## क्लर्क और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वर्क परफॉर्मेंस का होगा आकलन

भोपाल ■ निसं

मध्य प्रदेश में कर्मचारियों के वर्क परफॉर्मेंस को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सालभर के कामकाज का विस्तृत ब्योरा मांगा है। इस संबंध में विभाग ने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि वे 7 दिन के अंदर संबंधित कर्मचारियों से उनके वार्षिक कार्य का विवरण प्राप्त करें। इसके साथ ही अधिकारियों को भी कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन रिपोर्ट तैयार कर सामान्य प्रशासन विभाग को भेजना होगा। पत्र के अनुसार मंत्रालय स्तर पर कार्यरत तृतीय श्रेणी वर्ग के सहायक अनुभागीय अधिकारी, सहायक ग्रेड 2, सहायक ग्रेड 3, निजी सहायक, स्टेनोग्राफर और तकनीकी कर्मचारियों को 31 मार्च 2026 से पहले अपना कार्य विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों का ऑनलाइन गोपनीय प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराया जाए। यह प्रक्रिया पूरी तरह समयबद्ध रहेगी और किसी भी प्रकार की ढिलाई पर जवाबदेही तय की जा सकती है।

सरकार ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में विभागीय पदोन्नति कर्मचारियों के वास्तविक कार्य निष्पादन और प्रदर्शन के आधार पर ही की जाएगी।

## अनमोल वचन

खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते है।

**अज्ञात**

भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।

**एलेअनोर रूज़वेल्ट**

# राजनीति में विरासत केवल नाम से नहीं चलती



**डॉ. प्रियंका सौरभ**

> *राजनीति में लिए गए निर्णय अक्सर तत्काल परिणाम नहीं देते। कई बार वे भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। जब कुलदीप बिश्नोई ने अपने पूर्व दल में रहते हुए क्रॉस मतदान किया और बाद में भारतीय जनता पार्टी का साथ चुना, तब इसे एक दूरगामी राजनीतिक रणनीति के रूप में देखा गया। उस समय यह धारणा बनी कि यह कदम उनके राजनीतिक जीवन को नई दिशा देगा।*

हरियाणा की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यहां केवल पद और प्रतिष्ठा ही सब कुछ नहीं होते, बल्कि समय, रणनीति और जनविश्वास की भूमिका कहीं अधिक महत्वपूर्ण होती है। राज्यसभा चुनावों के हालिया निर्णयों ने एक ऐसी राजनीतिक कथा को जन्म दिया है, जिसमें उम्मीद, धैर्य, रणनीतिक जोखिम और विरासत-सभी एक साथ दिखाई देते हैं। इस पूरे परिदृश्य के केंद्र में वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई रहे हैं। यह प्रसंग केवल एक संसदीय सीट का नहीं, बल्कि राजनीतिक स्वीकृति, संगठनात्मक प्राथमिकताओं और जनभावनाओं के बदलते संकेतों का भी है।

राजनीति में लिए गए निर्णय अक्सर तत्काल परिणाम नहीं देते। कई बार वे भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। जब कुलदीप बिश्नोई ने अपने पूर्व दल में रहते हुए क्रॉस मतदान किया और बाद में भारतीय जनता पार्टी का साथ चुना, तब इसे एक दूरगामी राजनीतिक रणनीति के रूप में देखा गया। उस समय यह धारणा बनी कि यह कदम उनके राजनीतिक जीवन को नई दिशा देगा और संगठन उनके अनुभव तथा जनाधार को सम्मानपूर्वक स्थान देगा। समर्थकों ने इसे एक साहसिक निर्णय बताया और विश्वास किया कि आने वाले समय में इसका सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलेगा।

पिछले राज्यसभा चुनाव में जब किरण चौधरी का चयन हुआ, तब बिश्नोई समर्थकों में निराशा अवश्य थी, पर उम्मीद बनी रही। यह माना गया कि संगठनात्मक संतुलन और व्यापक राजनीतिक समीकरणों के कारण यह निर्णय लिया गया है। समर्थकों ने धैर्य बनाए रखा और यह विश्वास कायम रखा कि अगला अवसर उनके नेता को अवश्य मिलेगा। राजनीति में प्रतीक्षा भी एक परीक्षा होती है-नेता की भी और उसके समर्थकों की भी।

किन्तु हालिया राज्यसभा चुनाव में जब उम्मीदवार के रूप में संजय भाटिया का नाम सामने आया, तो यह संकेत स्पष्ट था कि पार्टी की प्राथमिकताओं में अन्य समीकरण अधिक प्रभावी हैं। यह निर्णय केवल एक नाम की घोषणा नहीं था, बल्कि यह संदेश भी था कि संगठन अपने व्यापक संतुलन और रणनीतिक दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रहा है। इसने समर्थकों के भीतर यह प्रश्न अवश्य खड़ा किया कि क्या उनकी प्रतीक्षा अभी और लंबी होगी।

इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए आदमपुर का उल्लेख अनिवार्य है। आदमपुर केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि बिश्नोई परिवार की राजनीतिक पहचान का केंद्र रहा है। दशकों तक यहां व्यक्तिगत संबंधों और पारिवारिक विश्वास ने निर्णायक भूमिका निभाई। मतदाताओं ने कई अवसरों पर राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यक्तिगत भरोसे को महत्व दिया। यह क्षेत्र उनकी राजनीतिक शक्ति का प्रतीक माना जाता रहा है।

परंतु दल परिवर्तन के बाद परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई दीं। मतदाता अब केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि राजनीतिक स्थिरता और नीति को भी महत्व देते हैं। भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के निर्णय ने आदमपुर में एक नई बहस को जन्म दिया। व्यक्तिगत समीकरण मजबूत थे, लेकिन दल परिवर्तन को लेकर मन में संदेह भी रहा। चुनाव परिणाम ने यह संकेत दिया कि जनभावनाओं को समझे बिना केवल रणनीतिक समीकरण पर्याप्त नहीं होते।

राजनीति में जनाधार सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि कार्यकर्ता निराश हों, यदि संवाद में कमी आ जाए, तो संगठनात्मक संरचना धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है। यह समय आत्ममंथन का है। राजनीतिक नेतृत्व की परिपक्वता इसी में होती है कि वह परिस्थितियों के संकेतों को समझे और समय रहते आवश्यक सुधार करे। केवल उच्चस्तरीय निर्णयों से नहीं, बल्कि जमीनी सक्रियता से विश्वास पुन: अर्जित किया जा सकता है।

इस संदर्भ में उनके पुत्र भव्य बिश्नोई का राजनीतिक भविष्य भी चर्चा का विषय बनता है। युवा नेतृत्व के सामने विरासत एक अवसर भी है और चुनौती भी। यदि संगठन मजबूत और सक्रिय हो, तो अगली पीढ़ी के लिए मार्ग सहज हो जाता है। लेकिन यदि आधार कमजोर हो, तो संघर्ष बढ़ जाता है। इसलिए यह समय केवल व्यक्तिगत अपेक्षाओं का नहीं, बल्कि व्यापक संगठनात्मक पुनर्निर्माण का है।

हरियाणा की राजनीति सदैव व्यावहारिक रही है। यहां सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और संगठनात्मक शक्ति को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। राष्ट्रीय दल अपने निर्णय व्यापक दृष्टिकोण से लेते हैं, जिसमें कई स्तरों पर संतुलन साधना पड़ता है। ऐसे में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं कभी-कभी संगठनात्मक प्राथमिकताओं के पीछे रह जाती हैं। यह राजनीति का स्वाभाविक पक्ष है।

अब प्रश्न यह नहीं कि राज्यसभा का अवसर क्यों नहीं मिला। प्रश्न यह है कि आगे की दिशा क्या होगी। क्या पुन: जमीनी स्तर पर संवाद स्थापित किया जाएगा? क्या कार्यकर्ताओं का मनोबल सुदृढ़ किया जाएगा? क्या आदमपुर और अन्य क्षेत्रों में विश्वास की पुनर्स्थापना के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे? इन प्रश्नों के उत्तर ही भविष्य की दिशा तय करेंगे।

राजनीति में अवसर समाप्त नहीं होते। समय बदलता है, परिस्थितियां बदलती हैं और समीकरण भी परिवर्तित होते हैं। परंतु अवसर उन्हीं को मिलते हैं, जो निरंतर सक्रिय रहते हैं। यदि जनसंवाद जीवित रहे, संगठन सशक्त हो और नेतृत्व स्पष्ट हो, तो सम्मान अपने आप मार्ग खोज लेता है।

अंतत: यह प्रसंग हमें एक मूल सत्य की याद दिलाता है- राजनीति में विरासत केवल नाम से नहीं चलती। निरंतर संवाद, संगठन और विश्वास से सींचना पड़ता है।

**( डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी ( राजनीति विज्ञान ), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)**

## सम्पादकीय

### झूठ पर गढ़े गए युद्ध के निराधार और भ्रामक दावे

*बातचीत के दौरान एक झूठ का सहारा लेकर इजराइल और अमेरिका ने जिस तरह से ईरान पर हमला किया, उसी वक्त तनाव के बीच का संघर्ष मानों बेलगाम युद्ध में तब्दील हो गया। अब पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध केवल मिसाइलों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है, इसके समानांतर एक और खतरनाक युद्ध लड़ा जा रहा है, वह है सूचना और दुष्प्रचार की जंग। जब युद्ध के मैदान में धुआँ उठता है, तब अक्सर सच्चाई धुंध में छिप जाती है और अफवाहें, आधे-अधूरे तथ्य तथा झूठी खबरें जंगल में लगी आग की तरह तेजी से फैलने लगती हैं। भीड़ या समूह को भड़काने में इसका बेजा इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल हाल ही में एक अमेरिकी समाचार चैनल द्वारा यह दावा किया गया कि ईरान पर हमले के लिए अमेरिकी नौसेना भारतीय बंदरगाहों का उपयोग कर रही है। भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत इस खबर का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह झूठा और निराधार बताया। यह घटना बताती है कि युद्ध के समय भ्रामक सूचनाएँ किस प्रकार देशों के बीच अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती हैं। दरअसल, अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता संघर्ष पहले ही बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच चुका है। हजारों लोगों की जान जा चुकी है और युद्धविराम की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे माहौल में अगर किसी तीसरे देश को बिना किसी प्रमाण के युद्ध से जोड़ दिया जाए, तो उसके गंभीर कूटनीतिक और रणनीतिक परिणाम हो सकते हैं। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत लंबे समय से पश्चिम एशिया में संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता रहा है। भारत के ईरान, इजरायल और अमेरिका तीनों ही देशों से महत्वपूर्ण संबंध हैं। ऐसे में इस प्रकार के निराधार दावे भारत की तटस्थ और संतुलित नीति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी हो सकते हैं। खासतौर पर तब जबकि ईरान पर हमले से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे को लेकर तरह-तरह के भ्रामक दावे किए गए, बाद में इस पर भी स्पष्टीकरण आया और सभी दावे अफवाहें साबित हो गए। बहरहाल युद्ध के दौरान दुष्प्रचार का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि युद्ध के समय प्रचार और मनोवैज्ञानिक रणनीतियाँ सैन्य हथियारों जितनी ही महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं। आज डिजिटल युग में यह प्रवृत्ति और अधिक खतरनाक हो गई है, क्योंकि सोशल मीडिया और 24 घंटे चलने वाले कुछ समाचार चैनलों के कारण गलत जानकारी पलक झपकते ही दुनिया भर में फैल जाती है। कई बार तो ये खबरें बिना तथ्य के जांचे-परखे प्रसारित कर दी जाती हैं, जिससे भ्रम और अविश्वास का माहौल बन जाता है। वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिकी नेतृत्व ने दावा किया है कि उसके सैन्य अभियान ने ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है और ईरान द्वारा किए जा रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों में भारी कमी आई है। वहीं दूसरी ओर ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य में सच्चाई का सही आकलन करना कठिन हो गया है, क्योंकि हर पक्ष अपनी-अपनी रणनीतिक कथा प्रस्तुत कर रहा है। इस युद्ध के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। पश्चिम एशिया की अस्थिरता का असर वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। ऊर्जा आपूर्ति, तेल और गैस के व्यापार तथा समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ रही है। चीन और रूस जैसे देश भी इस स्थिति को लेकर सतर्क दिखाई दे रहे हैं। चीन द्वारा रक्षा बजट में वृद्धि का निर्णय इसी व्यापक रणनीतिक अस्थिरता की ओर संकेत करता है। इसका अर्थ तो यही हुआ कि यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। अमेरिका के भीतर भी इस युद्ध को लेकर बहस तेज हो गई है। एक तरफ कुछ आलोचकों का मानना है कि बिना कांग्रेस की अनुमति के सैन्य कार्रवाई करना संवैधानिक सीमाओं को चुनौती देने जैसा है, वहीं दूसरी तरफ कुछ ने इसे सही कदम बताया है। यह विवाद दर्शाता है कि आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में युद्ध केवल सैन्य या कूटनीतिक मुद्दा नहीं होता, बल्कि राजनीतिक और कानूनी विमर्श का भी विषय बन जाता है। इन सबके बीच सबसे बड़ी चुनौती यह है कि सूचना की विश्वसनीयता कैसे सुनिश्चित की जाए। जब समाचार और दुष्प्रचार के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब जनता के लिए सही और गलत में फर्क करना कठिन हो जाता है। इसलिए सरकारों, मीडिया संस्थानों और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे तथ्यों की पुष्टि के बिना किसी भी सूचना को स्वीकार न करें। भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा झूठे दावों का तुरंत खंडन करना इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह दर्शाता है कि आज के दौर में केवल सैन्य या कूटनीतिक तैयारी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सूचना युद्ध से निपटने के लिए भी सतर्क और सक्रिय रहना आवश्यक है। अंतत: यह समझना होगा कि युद्ध का सबसे बड़ा शिकार केवल सैनिक या नागरिक नहीं होते, बल्कि सच भी होता है। जब झूठ और दुष्प्रचार को हथियार बना लिया जाता है, तब वैश्विक शांति और स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडराने लगता है। इसलिए आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय न केवल युद्ध को रोकने के प्रयास करे, बल्कि सूचना के क्षेत्र में भी जिम्मेदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा दे। तभी दुनिया को झूठ पर गढ़े गए युद्धों और उनके खतरनाक परिणामों से बचाया जा सकेगा।*

# मुस्कान के सूत्रधार: सेहतमंद दांत और आपके आत्मविश्वास का राज



**दिलीप कुमार पाठक**

> *हमारा शरीर एक मशीन की तरह है और हमारे चेहरे की खूबसूरती हमारी मुस्कान से जुड़ी होती है। इस मुस्कान को बनाए रखने और दांतों को बीमारियों से बचाने का पूरा श्रेय हमारे दंत चिकित्सकों यानी डेंटिस्ट को जाता है। हर साल 6 मार्च का दिन विशेष रूप से उन डॉक्टरों को समर्पित है जो बड़ी मेहनत और बारीकी से हमारे दांतों की समस्याओं को ठीक करते हैं। यह दिन केवल डॉक्टरों को शुक्रिया कहने का ही नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि हमारे दांतों की सेहत कितनी जरूरी है। अक्सर लोग छोटी-मोटी बीमारियों के लिए तो डॉक्टर के पास चले जाते हैं।*

हमारा शरीर एक मशीन की तरह है और हमारे चेहरे की खूबसूरती हमारी मुस्कान से जुड़ी होती है। इस मुस्कान को बनाए रखने और दांतों को बीमारियों से बचाने का पूरा श्रेय हमारे दंत चिकित्सकों यानी डेंटिस्ट को जाता है। हर साल 6 मार्च का दिन विशेष रूप से उन डॉक्टरों को समर्पित है जो बड़ी मेहनत और बारीकी से हमारे दांतों की समस्याओं को ठीक करते हैं। यह दिन केवल डॉक्टरों को शुक्रिया कहने का ही नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि हमारे दांतों की सेहत कितनी जरूरी है। अक्सर लोग छोटी-मोटी बीमारियों के लिए तो डॉक्टर के पास चले जाते हैं, लेकिन दांतों के दर्द को मामूली समझकर टाल देते हैं। सच तो यह है कि हमारे पूरे शरीर की सेहत का रास्ता हमारे मुंह से होकर ही जाता है। अगर हमारा मुंह साफ नहीं होगा, तो शरीर का पूरी तरह स्वस्थ रहना बहुत मुश्किल है।

पुराने समय से ही दांतों का इलाज करने की परंपरा रही है, लेकिन आज के समय में यह तकनीक बहुत आगे बढ़ चुकी है। एक डेंटिस्ट का काम केवल खराब दांत निकालना या कैविटी भरना ही नहीं होता, बल्कि वे एक इंजीनियर की तरह हमारे जबड़े की बनावट को समझते हैं और एक कलाकार की तरह हमारे चेहरे की मुस्कान को सुंदर बनाते हैं। आज के दौर में बहुत से लोग अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए डेंटिस्ट की मदद लेते हैं, जिससे न केवल वे सुंदर दिखते हैं बल्कि उनका सामाजिक आत्मविश्वास भी बढ़ता है। आजकल की बिगड़ती जीवनशैली हमारे दांतों की सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है। बाहर का खाना, ज्यादा मीठी चीजें, कोल्ड ड्रिंक्स और तंबाकू का सेवन हमारे दांतों की जड़ों को कमजोर कर रहा है। डेंटिस्ट हमें बार-बार समझाते हैं कि दांतों की ऊपरी परत एक बार खराब हो जाए तो वह कुदरती रूप से दोबारा नहीं बनती।

मसूड़ों से खून आना या सांसों की बदबू जैसी समस्याएं केवल शर्मिंदगी ही नहीं लातीं, बल्कि डॉक्टरों का मानना है कि मुंह की गंदगी की वजह से दिल की बीमारियां और शुगर जैसी परेशानियां भी बढ़ सकती हैं। इसलिए डेंटिस्ट को केवल दांतों का डॉक्टर समझना गलत होगा, वे हमारे पूरे शरीर की रक्षा करते हैं। विज्ञान की तरक्की की वजह से अब दांतों का इलाज बहुत आसान और दर्द रहित हो गया है। वह समय चला गया जब लोग डेंटिस्ट के पास जाने से डरते थे। अब ऐसी आधुनिक मशीनें और दवाएं आ गई हैं कि इलाज के दौरान दर्द का पता भी नहीं चलता। बच्चों के लिए तो डेंटिस्ट और भी जरूरी हैं। बचपन में दांतों की सही देखभाल ही आगे चलकर मजबूत और सीधे दांतों की बुनियाद बनती है। विशेषज्ञ बच्चों को खेल-खेल में ब्रश करने का सही तरीका सिखाते हैं, जो पूरी उम्र उनके काम आता है।

हमें इस गलतफहमी को भी दूर करना चाहिए कि डेंटिस्ट के पास जाना बहुत महंगा पड़ता है। हकीकत में, अगर हम समय-समय पर अपने दांतों की जांच करवाते रहें, तो बड़ी बीमारियों और महंगे इलाज की नौबत ही नहीं आएगी। दांत भगवान का दिया हुआ वह अनमोल तोहफा हैं जो एक बार चले जाएं, तो दोबारा असली जैसे नहीं मिल सकते। नकली दांत केवल काम चला सकते हैं, पर वे असली दांतों जैसी मजबूती कभी नहीं दे सकते। इसके साथ ही, हमें यह भी समझना होगा कि दांतों की सफेदी से ज्यादा उनकी मजबूती मायने रखती है। कई बार लोग विज्ञापनों के चक्कर में आकर घरेलू नुस्खों से दांत चमकाने की कोशिश करते हैं, जिससे दांतों की सुरक्षा परत घिस जाती है। एक अनुभवी डेंटिस्ट ही आपको सही सलाह दे सकता है कि आपके दांतों के लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा।

आज के समय में डेंटिस्ट केवल क्लिनिक तक सीमित नहीं हैं, वे स्कूलों और गाँवों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वे हमें सिखाते हैं कि रात को सोने से पहले ब्रश करना सुबह ब्रश करने से भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि रात भर की गंदगी ही कीड़े लगने का असली कारण बनती है। एक अच्छी मुस्कान न केवल आपको जवान दिखाती है, बल्कि यह आपके पाचन तंत्र को भी मजबूत रखती है क्योंकि सही ढंग से चबाया हुआ खाना ही शरीर को पोषण देता है। हमें अपने डेंटिस्ट को अपना दोस्त समझना चाहिए और उनसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करनी चाहिए। याद रखिए, एक छोटी सी लापरवाही भविष्य में बड़ा दर्द दे सकती है। कुल मिलाकर, यह अवसर हमें यह संकल्प लेने का मौका देता है कि हम अपनी मुस्कान की कदर करेंगे। हमें डॉक्टरों की बताई गई बातों को मानना चाहिए, जैसे दिन में दो बार ब्रश करना, सही टूथपेस्ट का इस्तेमाल करना और हर कुछ महीनों में अपना ब्रश बदल देना। अखबारों और मीडिया को भी यह बात घर-घर तक पहुँचानी चाहिए कि अगर दांत स्वस्थ होंगे, तभी देश भी स्वस्थ होगा। आइए, आज के दिन अपने डेंटिस्ट से मिलें, अपनी जांच करवाएं और उन्हें उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद दें। जब आपकी मुस्कान स्वस्थ होगी, तभी आप जीवन का असली आनंद ले पाएंगे और खुलकर हंस पाएंगे।

**( लेखक पत्रकार हैं )**

## युद्ध नहीं आज शांति जरुरी

***संजय गोस्वामी***

*जैसे ही आर्टिफिशल इंटेलीजेंट यानि कृत्रिम बुद्धिमता का प्रवेश हुआ वैसे ही युद्ध का दायरा इस कदर बढ़ा की अब परमाणु हमले की नौबत आ गई ईरान को अमेरिका से क्या लेना देना था लेकिन जबरन कूद गया विज्ञान की प्रगति के साथ विश्वभर में चारों ओर विकास ने नई करवट ली है। विकास के नित नये आयामों से सभी देश अपनी समृद्धि को तीव्र वेग से आगे बढ़ाने में जुट गये हैं। जिसके कई सुखद परिणाम भी सामने आये हैं। विज्ञान ने चिकित्सा स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, यातायात, दूरसंचार, युद्ध उपकरणों इत्यादि सभी क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है और इस ओर अभी भी वैज्ञानिकों का प्रयास जारी है। इस कारण आधुनिक भौतिक साधनों ने इन्सानों का जीवन ही बदल दिया है। सभी देश विज्ञान के आधार पर अपने देश को प्रगतिशील,समृद्धशाली, शक्तिशाली बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस होड़ अर्थात् प्रतिस्पर्धा को लेकर सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्रा-शस्त्रों का उत्पादन करने में जुट गये हैं।अमेरिका और ईरान के युद्ध में निर्दोष नागरिकों की बहुत अधिक संख्या में जान जा रही है अस्त्र-शस्त्रों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण सम्पूर्ण विश्व चिंतन के सागर में डूबा हुआ है। इससे बचने के लिये सभी देश, जो स्वयं अपनी सुरक्षा के लिये चिंतित होने पर भी अस्त्रा-शस्त्रा के भंडारण में जुटे हुए होने के बाद भी विश्व शान्ति के लिये नि:शस्त्रीकरण का राग अलापते थकनहीं रहे हैं।विध्वंशकारी अस्त्र-शस्त्रों से विनाश की स्थिति को जानते हुए भी कई देशों ने एक-दूसरे देश पर आक्रमण कर विनाश लीला का खुला तांडव खेला है। जिसके दुष्परिणामों ने असंख्य इन्सानों की जान ली है। वहाँ अनगिनत देश की समृद्धि की झलक दिखाने वाले निर्माण कार्यों को विध्वंश कर दिया है। चारों ओर तबाही मचाने में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी है। विकास को विनाश में बदल दिया है। इस आक्रमणकारी नीति से बचने के लिये सभी अपने देश में शान्ति, खुशहाली, समृद्धि के पक्ष में नि:शस्त्रीकरण की फिराक में रहते हैं और इसके लिए सभी देशों का जन समर्थन जुटाने में कटिबद्ध हैं। क्योंकि सभी को विनाश का खतरा सामने दिखाई देता है। आज दुनिया परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहा है इसके परिणाम हम सभी जानते हैं 76 साल पहले 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर दुनिया का पहला परमाणु बम हमला किया था. इसके तीन दिन बाद जापान के ही नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया. दोनों शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो गए. डेढ लाख से अधिक लोगों की पल भर में जान चली गई और जो बच गए वो अपंग हो गए और आज भी जो बच्चे जन्म लेते हैं वे अपंगता के शिकार होते हैं क्योंकि रेडिएशन का खतरा 100वर्षों या इससे भी अधिक रहता है व जिसकी मार मासूम लोगों को भुगतना पड़ता है इसके लिये सभी देशों को निर्दोष इन्सानों की रक्षा हेतु परमाणु नि:शस्त्रीकरण का संकल्प लेने पर जोर दिया है ताकि कभी भी किसी देश पर आक्रमण करने की स्थिति ही नहीं बने। विश्व में अस्त्र-शस्त्रों की होड़ ही आक्रमणकारी बनाने का माध्यम बनती है। वहाँ इन्सान भी आवेश, आक्रोश,गुस्से, बदले की भावना, किसी को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से, किसी का तिरस्कार करने, किसी को दंडित करने के लिये आक्रामक रुख अपनाते हुए आक्रमणकारी होता है तो उसके सामने, सामने वाले के विनाश के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है। आक्रमणकारी की चाह रहती है कि वह जो आक्रमण कर रहा है वह विफल न हो जावे व परमाणु बम के हमला की आशंका बढ़ जाती है । इस कारण इन्सान-इन्सान में घृणा, द्वेषभाव, ईर्ष्या, दुश्मनी आदि उत्पन्न होती है जो इन्सानों की सुख-शांति, अमनचैन छीनती है। ऐसी आक्रमणकारी नीति से बचने के लिये और विश्व में शान्ति स्थापित करने हेतु परमाणु नि:शस्त्रीकरण पर अधिक बल देना चाहिए। इसी सुख-शान्ति अमन-चैन के साथ एक-दूसरे के प्रति भाईचारे के भाव बनाने के लिए इन्सान को अन्य किसी इन्सान पर आक्रमणकारी नहीं बल्कि सहयोगी बन कर रहने में ही भलाई है। इससे आक्रमणकारी को भी शांति और संतोष मिलता है। बुरे विचार इसके दिल और दिमाग से हट जाते हैं।*

## खास बात

### ईरान का पलटवार अमेरिका इजरायल पर भारी

इजरायल ने ईरान पर हमला किया। उसके तुरंत बाद ईरान ने इजराइल पर पलटवार किया। कतर, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, अल धाफरा और बहरीन के एयर बेस पर ईरान ने जबर्दस्त हमला किया। अमेरिका इन हमलों से अपनी सुरक्षा नहीं कर पाया। जो नुकसान हुआ है, उसको देखकर अमेरिका और इजरायल आश्चर्यचकित हैं। उन्हें लग रहा है कि कहीं कोई गलती तो नहीं हो गई। ऊंट जब पहाड़ के नीचे आया, तब पता लगा, उससे ऊंचा भी कोई है।

### युद्ध रोकने की लगने लगी गुहार

फ्रांस नॉर्वे रूस और अन्य देशों ने ईरान युद्ध को रोकने की गुहार लगाना शुरू कर दी है। यदि युद्ध जल्दी नहीं रोका गया, तो पूरी दुनिया में त्राहि त्राहि मचेगी।दुनिया के देशों में महंगाई और आर्थिक मंदी तेजी के साथ बढ़ेगी। सभी देशों को लड़ाई से होने वाले नुकसान से ज्यादा नुकसान होगा। इस लड़ाई का असर सबसे ज्यादा कच्चे तेल के दामों में पडने वाला है। जो देश युद्ध में शामिल नहीं है, वह भी इसका खामियाजा भुगतेंगे। इसको लेकर सभी में घबराहट मची हुई है।

### सारे विश्व में मचा हड़कंप

इजरायल ने ईरान पर हमला किया। ईरान पहले ही चेतावनी दे चुका था। युद्ध तुम शुरू करोगे, समाप्त ईरान करेगा। पिछले दो दिनों में जिस तरह से युद्ध में एक दूसरे के ऊपर हमले हो रहे हैं। उससे इतना तो तय हो गया है, ईरान पर फतह पाना आसान नहीं है। सोंझ की लड़ाई में जीत संभव नहीं है। इजरायल अमेरिका और अमेरिकी परस्त अरब देशों की मिली जुली लड़ाई ईरान का मुकाबला कर पाएगी,इसमें संदेह है। रही सही कसर आयतुल्लाह खामनेई की मौत के बाद जो जलजला आया है। उसके बाद अमेरिका और इजरायल के लिए यह लड़ाई जीत पाना और भी मुश्किल हो गया है।

### शराब नीति घोटाले से केजरीवाल एंड कंपनी बरी

शराब नीति घोटाले में सीबीआई की विशेष अदालत ने केजरीवाल एवं अन्य 22 लोगों को बरी कर दिया है। विशेष न्यायालय के इस फैसले के बाद अरविंद केजरीवाल रो पड़े। इसके साथ ही उनका पुराना अहंकार जागृत हो गया है। वह कांग्रेस को चुनौती दे रहे हैं। उन्हें लगता है, देश में वह कांग्रेस का स्थान ले सकते हैं। जिस तरह का अहंकार राजनीति में वह दिखा रहे हैं। उसको देखते हुए यही कहा जा सकता है, ईश्वर ने एक मौका आम आदमी पार्टी को फिर से दिया है। जल्दी मिली सफलता ने उन्हें अहंकार से भर दिया है।यह अहंकार उन्हें समय से पहले कहीं डुबो ना दे।

## चिंतन-मनन

### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा। उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड़ितों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, चैत्र कृष्ण पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, तीज, शुक्रवार, हस्त नक्षत्रे, गर योगे, विव करणे, कन्या की चंद्रमा, भद्रा 26/12 गणेश चौथ व्रत, चंद्रोदय रात्रि 8/46 रिक्ता दोष तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल किन्तु जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी व्यवसायी, किराना, कपड़ा व्यापारी, उद्योगपति, प्रबंधक होगा।

**मेष राशि**- मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य व्यवसाय गति उत्तम होगी, हर्ष होगा।

**वृष राशि**- धन हानि के योग बनेंगे, नवीन मैत्री-मंत्रणा अवश्य ही प्राप्त होगी।

**मिथुन राशि**- इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, कार्य अवश्य होंगे।

**कर्क राशि**- भाग्य का सितारा प्रबल होगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे ध्यान दें।

**सिंह राशि**- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझेंगे, समय का ध्यान रखें।

**कन्या राशि**- भावनायें संवेदनशील रहें तथा रुके कार्य बनेंगे, सोचे कार्यों पर ध्यान दें।

**तुला राशि**- समय अनुकूल नहीं स्वास्थ्य का ध्यान रखें, विरोधी तत्व परेशान करेंगे।

**वृश्चिक राशि**- स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक बेचैनी, मन में उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी।

**धनु राशि**- आशानुकूल सफलता, स्थिति में सुधार तथा व्यवसाय गति उत्तम होगी।

**मकर राशि**- धन का व्यर्थ व्यय होगा, मानसिक उद्विघ्नता हानिप्रद होगी ध्यान रखें।

**कुंभ राशि**- इष्ट मित्रों से सहयोग, कार्य बनेंगे, कार्यगति अनुकूल अवश्य होगी।

**मीन राशि**- भाग्य का सितारा प्रबल होगा, कार्य अवश्य बनेंगे ध्यान दें।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**6 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.48 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मेष | 08.18 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.58 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.56 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.10 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.26 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.48 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.03 ब.से |
| | | धनु | 01.19 बजे से |
| | | मकर | 03.24 बजे से |
| | | कुंभ | 05.11 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 65 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** तृतीया 17.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 09.30 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 07.06 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 17.54 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872640
**जूलियन दिन** 2461105.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 16
**विशेष** भालचन्द्र संकष्टी, छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा राज्यसभा चुनावः भाजपा उम्मीदवार और दिलीप राय ने नामांकन पत्र भरा

**भुवनेश्वर।** भाजपा के उम्मीदवार मनमोहन सामल और सुजीत कुमार के साथ वरिष्ठ नेता दिलीप राय ने गुरुवार को ओडिशा में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। नामांकन ओडिशा विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, राज्य सरकार के मंत्री तथा अन्य वरिष्ठ भाजपा की मौजूदगी में किया गया। दिलीप राय ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया, जिसमें उन्हें भाजपा का समर्थन प्राप्त है। वे बीजू जनता दल बीजेडी के उम्मीदवार डॉ. दत्तेश्वर होता के खिलाफ चौथे राज्यसभा पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। चुनाव 16 मार्च को होने वाले हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले, दिलीप राय ने अपने मेंटर और महान नेता बीजू पटनायक को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उम्मीद जताई कि भले ही उनके पक्ष में आवश्यक 30 प्रथम पसंद मत न हों, वे विजयी होंगे। उन्होंने 2002 में क्रॉस वोटिंग के माध्यम से राज्यसभा की सीट जीतने का उदाहरण भी याद दिलाया। भाजपा द्वारा राय को खुले समर्थन देना एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे पार्टी ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों में से तीन सुरक्षित कर सके। वर्तमान विधानसभा संख्या के अनुसार भाजपा दो सीटें आराम से जीतने की स्थिति में है, जबकि बीजेडी को एक सीट मिलने की संभावना है। राज्यसभा चुनाव सूत्रों के अनुसार, ओडिशा से किसी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 30 प्रथम पसंद मत आवश्यक हैं। भाजपा के 82 विधायकों के समर्थन से दो सीटें आसानी से सुरक्षित की जा सकती हैं, जबकि तीसरी सीट के लिए आठ मत कम हैं।

### विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास पहुंचकर खामेनेई के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री गुरुवार को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक प्रकट करने दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास पहुंचे और यहां शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में तेहरान स्थित आवास में मारे गए थे। विदेश सचिव ने भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से शोक प्रकट किया। विदेश मंत्रालय की ओर से इसकी तस्वीरें साझा की गई हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी दूतावास ने आज अपने सर्वोच्च नेता की मौत पर दुख प्रगट करने के लिए शोक पुस्तिका को खोला है। दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। शोक पुस्तिका 5, 6 एवं 9 मार्च को 10 से 3 बजे तक खोली जाएगी।

### नेपाल में मतदान के बीच नेकपा उम्मीदवार किरण साह ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव के दौरान एक नाटकीय घटनाक्रम में नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी (नेकपा) के उम्मीदवार किरण साह ने पार्टी पार्टी से इस्तीफ़ा देने की घोषणा कर दी। उन्होंने कई बूथों पर कब्ज़ा होने का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। किरण साह नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी (नेकपा) के उम्मीदवार के रूप में रौतहट निर्वाचन क्षेत्र–2 से चुनाव लड़ रहे थे। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लाइव वक्तव्य देते हुए पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की। साह ने आरोप लगाया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में विपक्षी नेपाली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर 'बूथ कब्जा' कर लिया है। उनका कहना है कि उन्होंने इस बारे में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को जानकारी दी, लेकिन उन्हें सुरक्षा या समर्थन नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने दावा किया कि बौदामाई नगरपालिका और राजपुर नगरपालिका के कुछ वार्डों में बूथ कब्जा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने उन मतदान केन्द्रों पर मौजूद अपने पार्टी प्रतिनिधियों (एजेंटों) से भी बूथ छोड़कर वापस लौटने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि जिन मतदान केन्द्रों पर बूथ कब्जा होने का आरोप है, वहां मतदान स्थगित करके पुन: मतदान की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे मतगणना प्रक्रिया में भी भाग नहीं लेंगे।

### डोनाल्ड ट्रंप ने दी होली की शुभकामनाएं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हिंदू त्योहार होली पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उनका संदेश व्हाइट हाउस ने जारी किया है। उन्होंने अमेरिकियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा– ''मेलानिया और मैं होली के हिंदू त्योहार को मनाने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं भेजते हैं। यह दिन वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है। आज, जब दुनिया भर के समुदाय रंगों के इस त्योहार को मनाने के लिए एकत्रित हो रहे हैं, मैं होली मनाने वाले सभी अमेरिकियों को आशा, शांति और एकता से भरे दिन की शुभकामनाएं देता हूं।''

## अमेरिका-इजराइल ने ईरानी युद्धपोत को श्रीलंका में बनाया निशाना

# 87 नौसैनिकों की मौत, खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम स्थगित

तेहरान/तेल अवीव/वाशिंगटन/कोलंबो/दोहा ■ एजेंसी

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के बाद समूचा मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) रणभूमि बना हुआ है। हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और परिवार के सदस्यों की मौत हो चुकी है। ईरान में हालात इतने मुश्किल हो गए हैं कि खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक करने के सभी कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिए हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के आक्रामक तेवरों से उठ रही युद्ध की लपटों से व्यापक तबाही हुई है। ईरान के एक युद्धपोत को निशाना बनाकर श्रीलंका में डुबो दिया गया है। इसमें 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। सैन्य संघर्ष में उलझे राष्ट्रों का एक-दूसरे को धमकी देने का सिलसिला जारी है।

सीएनएन, सीबीएस न्यूज, द टाइम्स ऑफ इजराइल और कुछ अन्य प्रभावी समाचार प्रसारण केंद्रों की रिपोर्ट्स में इस घटनाक्रम पर व्यापक चर्चा की गई है। इनका निचोड़ है कि यह युद्ध लंबा खिंच सकता है। ईरान ने धमकी दी है कि अगर इजराइल और अमेरिका के इस्लामिक रिपब्लिक पर हमले जारी रहेंगे तो वह डिमोना न्यूक्लियर साइट को निशाना बनाएगा। उधर, ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल के दागने से मध्य इजराइल में रातभर खतरे के सायरन बजते रहे। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने लोगों को तत्काल इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की है। इसके बाद आईडीएफ ने बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर हमला किया है।



**ईरान में अब तक 1000 से ज्यादा लोगों की मौत**
अमेरिका की एक मानवाधिकार एजेंसी के मुताबिक, इस अमेरिका और इजराइल के हमले में अब तक ईरान के अंदर 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर युद्ध को और तेज कर दिया है। तुर्किये से श्रीलंका तक मौजूद ईरान के सैन्य साजो सामान को लक्ष्य किया गया है। इजराइल भी तेहरान और लेबनान में तेज हमले कर रहा है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। इस बीच ईरानी सरकार ने कहा कि अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम तीन दिन टाल दिया गया है।

इजराइल की मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सर्विस ने कहा है कि ईरान के नए बैलिस्टिक मिसाइल हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। उधर, कतर ने सावधानी बरतते हुए अमेरिकन एंबेसी के आसपास के इलाके से लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा कि देश के नागरिकों के लिए यूएस चार्टर्ड उड़ान मिडिल ईस्ट से निकल चुकी है। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली उड़ान बताई जा रही है। स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा है कि उड़ानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यूएई, कतर, सऊदी अरब और इजराइल में रह रहे लोग अगर स्वदेश लौटना चाहते हैं तो क्राइसिस इनटेक फॉर्म भरें या स्टेट डिपार्टमेंट की 24/7 टास्क फोर्स से +1-202-501-4444 पर संपर्क करें।

#### हिजबुल्लाह के गढ़ और अमेजन डेटा सेंटर पर हमला

इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान के साथ-साथ बेरूत में हिजबुल्लाह के इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला शुरू कर दिया है। ईरान ने कहा है कि उसने बहरीन में एक अमेजन डेटा सेंटर पर ड्रोन हमला किया है। इस बीच अमेरिका में रिपब्लिकन ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसका मकसद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तेहरान के खिलाफ भविष्य की यूएस मिलिट्री कार्रवाई के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की जरूरत थी। पेंटागन ने रविवार को कुवैत में ड्रोन हमले में मारे गए दो सदस्यों की पहचान कर ली है।

अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने कहा कि 'उम्मीद है कि आज और कल लगभग 6,500 लोग मिडिल ईस्ट से स्वदेश पहुंच जाएंगे। उड़ानों की संख्या बढ़ाने के साथ अन्य विकल्पों पर ठोस निर्णय लिया जा चुका है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। श्रीलंका की नौसेना ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। इसमें लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापत्तनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) यह युद्धपोत दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था।

# पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आएगी चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ, चुनावी तैयारियों की करेगी समीक्षा



कोलकाता ■ एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को बताया कि अगले सप्ताह पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आने वाली आयोग की पूर्ण पीठ का कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। यह दौरा आगामी विधानसभा चुनाव और मतदाता सूची से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अगुवाई में आयोग की पूर्ण पीठ आठ मार्च की रात को कोलकाता पहुंचेगी। नौ और 10 मार्च को आयोग 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' श्रेणी में रखे गए मतदाताओं के दस्तावेजों की चल रही न्यायिक जांच तथा राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, नौ मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोग विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगा। प्रत्येक दल को अपनी बात रखने के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा। इसके बाद दोपहर लगभग 12:30 बजे मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल आयोग के समक्ष न्यायिक जांच और चुनावी तैयारियों की स्थिति पर प्रस्तुति देंगे, जो लगभग 30 मिनट तक चलेगी। उसी दिन दोपहर 1:15 बजे से 1:30 बजे के बीच आयोग की पूर्ण पीठ राज्य और केंद्र की विभिन्न सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। बताया गया है कि इस बैठक में लगभग 24 एजेंसियों के अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट और जिला पुलिस अधीक्षक मौजूद रहेंगे।

10 मार्च को आयोग की पूर्ण पीठ राज्य सरकार के शीर्ष नौकरशाहों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इसमें मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडेय भी शामिल होंगे। यह बैठक सुबह 10 बजे शुरू होगी और लगभग 10 घंटे तक चलने की संभावना है। इसके बाद आयोग निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और बूथ स्तर अधिकारियों के साथ भी बैठक करेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आयोग की पूर्ण पीठ 10 मार्च को ही दिल्ली लौट जाएगी। आयोग के इस दौरे को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में बेहद अहम माना जा रहा है।

## भारत-फिनलैंड के बीच पर्यावरण सहयोग को लेकर एमओयू का नवीनीकरण



**नई दिल्ली।** भारत और फिनलैंड ने शुक्रवार को पर्यावरण सहयोग को मजबूत बनाने के लिए अपने समझौता ज्ञापन (एमओयू) का नवीनीकरण किया। इस दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव और फिनलैंड की जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री सारी मुलताला मौजूद थीं। समझौते के बाद सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर मंत्री भूपेंद्र यादव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित इस समझौते का नवीनीकरण किया गया है।

# ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन: इटली के रक्षा मंत्री

रोम ■ एजेंसी

मध्य–पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हालिया हमलों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे से बाहर हैं और वैश्विक नियमों का स्पष्ट उल्लंघन करते हैं।



इटली की संसद के निचले सदन में संबोधन के दौरान क्रोसेत्तो ने कहा कि पिछले सप्ताहांत किए गए सैन्य हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित नियमों के अनुरूप नहीं थे। उनका कहना था कि यह सैन्य कार्रवाई बिना सहयोगी देशों और साझेदारों को पूर्व सूचना दिए शुरू की गई, जिससे दुनिया के कई देशों को अचानक उत्पन्न स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली से जुड़े क्रोसेत्तो ने कहा कि यह ऐसा संघर्ष है, जिसकी शुरुआत के बारे में दुनिया के अधिकांश देशों को पहले से जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि अब इटली सहित कई देशों को इसके परिणामों से निपटने की स्थिति में आना पड़ा है।

गौरतलब है कि इटली की दक्षिणपंथी सरकार ने पिछले वर्ष से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ करीबी संबंध बनाने की कोशिश की है। इसके बावजूद इटली की ओर से यह अब तक की सबसे तीखी प्रतिक्रिया मानी जा रही है।

इस बीच इटली ने खाड़ी क्षेत्र के देशों को संभावित खतरों से बचाने के लिए वायु रक्षा सहायता भेजने का फैसला किया है। साथ ही, ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई को देखते हुए साइप्रस के आसपास नौसैनिक संसाधन भी तैनात किए जाएंगे, ताकि क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की लागत पर अटकलें भ्रामक : एनएचएसआरसीएल

नई दिल्ली ■ एजेंसी

राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने गुरुवार को मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर की लागत, फंडिंग और टिकट कीमतों को लेकर फैल रही अटकलों को भ्रामक बताते हुए कहा कि परियोजना के बारे में किए जा रहे कई दावे तथ्यात्मक रूप से गलत हैं।



कंपनी का यह बयान ऐसे समय आया है जब कांग्रेस की केरल इकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर परियोजना की लागत में बढ़ोतरी को लेकर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने अपने पोस्ट में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की लागत मूल अनुमान 1.1 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि परियोजना अभी आधी ही पूरी हुई है और अंतिम लागत 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है।

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया था कि लागत में बढ़ोतरी से जुड़े करीब 90 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ अब भारती रेलवे को उठाना पड़ेगा, जबकि जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जाइका) इस अतिरिक्त लागत के लिए वित्तपोषण नहीं करेगा। पार्टी ने कहा कि यदि अतिरिक्त धनराशि भारत सरकार को 7–8 प्रतिशत ब्याज दर पर उधार लेकर जुटानी पड़ी तो परियोजना की लागत वसूली में एक सदी से अधिक समय लग सकता है।

कांग्रेस ने टिकट कीमतों को लेकर भी आशंका जताई थी कि मुंबई और अहमदाबाद के बीच अनुमानित 3000 रुपये का किराया बढ़कर 6000 से 7000 रुपये तक पहुंच सकता है।

इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एनएचएसआरसीएल ने कहा कि परियोजना की अद्यतन लागत वैश्विक मानकों के अनुरूप है और शुरुआती लागत अनुमान लगभग एक दशक पहले परियोजना के प्रारंभिक चरण में तैयार किया गया था। संस्था के अनुसार दुनिया भर में बड़े बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट्स में विस्तृत डिजाइन, इंजीनियरिंग, भूमि अधिग्रहण और निर्माण अनुबंध अंतिम होने के बाद लागत का आकलन अपडेट किया जाना सामान्य प्रक्रिया है।

एनएचएसआरसीएल ने कहा कि भारत में भी राजमार्ग, मेट्रो रेल और हवाई अड्डों जैसी परियोजनाओं में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और टेंडर प्रक्रिया के बाद लागत में संशोधन होता रहा है। संस्था ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत और जापान के बीच इस परियोजना के वित्तपोषण को लेकर हुआ समझौता व्यापक और स्पष्ट है तथा इसके बारे में की जा रही अटकलों का कोई आधार नहीं है।

# कल से होगी 'विकसित भारतः जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन' की शुरुआत

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय माई भारत के साथ मिलकर शुक्रवार से एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान 'विकसित भारत- जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन' की शुरुआत करने जा रहा है।

मंत्रालय के बयान के अनुसार इस अभियान में युवाओं को केंद्र में रखते हुए उन्हें क्विज़, वीडियो चैलेंज तथा रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसी सहभागितापूर्ण गतिविधियों से जोड़ना और डिजिटल जन-आंदोलन का रुप प्रदान करना है।

इसके तहत 6 मार्च से '60 सेकंड फॉर माई विलेज' नाम से एक राष्ट्रीय स्तर की शॉर्ट वीडियो, रील, एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जा रहा है। यह पहल युवाओं को अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन एवं आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका को रचनात्मक रुप से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी।

Ministry of Rural Development
Government of India

यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए है। प्रतिभागी 30 से 60 सेकंड की अवधि का वीडियो किसी भी भारतीय भाषा में तैयार कर माई भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक प्रविष्टि जमा कर सकेगा। वीडियो मोबाइल फोन, कैमरा अथवा एनिमेशन टूल्स की सहायता से बनाया जा सकता है।

युवा प्रतिभागी, अधिनियम के उद्देश्य एवं प्रमुख विशेषताएं, ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका सृजन में इसके लाभ, गांव के विकास एवं परिवर्तन में इसकी भूमिका, युवाओं एवं महिलाओं के लिए अवसर, विकसित भारत एट 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में अधिनियम के योगदान तथा 'मेरा गांव, मेरा भविष्य' - आत्मनिर्भर एवं विकसित गांव की परिकल्पना तथा ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के नवाचार जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति भी दे सकते हैं।

मंत्रालय के अनुसार 'विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) या वीबी-जी राम जी अधिनियम के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करना है। इस अभियान को 'विकसित भारत-जी राम जी- युवा शक्ति, पंचायत की प्रगति' नाम दिया गया है। मंत्रालय के अनुसार प्रतियोगिता में सभी पात्र प्रतिभागियों को डिजिटल सहभागिता प्रमाणपत्र दिया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र इत्यादि दिए जाएंगे तथा उन्हें ग्रामीण विकास मंत्री एवं मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद का अवसर भी प्राप्त होगा।

## केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने चाय उद्योग से जुड़ी समस्याओं को लेकर कहा

# उत्तर बंगाल की चाय बागानों के लिए केंद्र सरकार जल्द लाएगी व्यापक पैकेज

*कोलकाता ■ एजेंसी*

*केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही उत्तर बंगाल के चाय बागानों के लिए एक 'व्यापक पैकेज' लाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने यह बात जालपाईगुड़ी जिले के चाय बागानों का दौरा करने के बाद कही।*

*जितिन प्रसाद ने बताया कि केंद्र सरकार चाय उद्योग से जुड़ी मौजूदा समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनका उत्तर बंगाल दौरा इसी उद्देश्य से है, ताकि चाय उद्योग की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हो सके।*



*उन्होंने कहा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन चाय बोर्ड कार्य करता है और मंत्रालय इस बात पर भी विचार कर रहा है कि भारतीय चाय के निर्यात को कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि देश में चाय की मांग काफी मजबूत है और गुणवत्ता में सुधार के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि बदलते मौसम के पैटर्न और नए चाय बागानों में जलभराव जैसी समस्याओं के कारण उद्योग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा श्रमिकों से जुड़े मुद्दे भी उद्योग के सामने महत्वपूर्ण चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार चाय उद्योग के लिए एक व्यापक पैकेज तैयार कर रही है।*

*उन्होंने यह भी कहा कि यदि राज्य सरकार इस दिशा में सहयोग करती है, तो यह पहल और अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। केंद्र को उम्मीद है कि राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे उद्योग को नई ऊर्जा मिल सकेगी। दरअसल, उत्तर बंगाल का चाय उद्योग क्षेत्र की सबसे प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में से एक है और यह हजारों लोगों के रोजगार का प्रमुख स्रोत है। हालांकि हाल के वर्षों में मौसम में बदलाव और अन्य कारणों से कई पुराने और बड़े चाय बागानों की स्थिति कमजोर हुई है। इसी वजह से चाय बागान मालिकों ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की थी ताकि इस उद्योग को पुनर्जीवित किया जा सके। इससे पहले जितिन प्रसाद ने आज जालपाईगुड़ी जिले के डेंगुआझार चाय बागान का दौरा किया।*



**नई दिल्ली।** भारत और फिनलैंड ने अपनी दूरसंचार सेवाओं, डाटा विश्लेषण, क्वांटम कंपयुटिंग और एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था एवं सतत शहरी समाधान तलाशने के लिए अपनी साझेदारी को मजबूत करने का फैसला किया है। दोनों देश 'डिजिटलीकरण और स्थिरता में रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति हुए हैं। दोनों देश 2030 तक अपने व्यापार को दोगुना करेंगे। फिनलैंड भारतीय कौशल को अपने यहां अवसर मुहैया कराएगा। इसके साथ ही भारतीय स्टार्टअप को भी अवसर प्रदान करेगा। इस साल दोनों देश मिलकर भारत में विश्व सर्कुलर अर्थव्यस्था फोरम का आयोजन करेंगे। दोनों देशों के बीच गुरुवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता में 11 बिन्दुओं पर सहमति बनी है। इसमें स्टार्टअप सहयोग, 6जी व डिजिटलाइजेशन पर अलग–अलग संयुक्त कार्यबल, डिजिटल व पर्यावरण से जुड़े विषयों पर संयुक्त शोध, सांख्यिकी तथा पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग और आवाजाही संबंधी मामलों पर काउंसलर डॉयलॉग की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

# एमबीबीसएस में प्रवेश के लिए कितने स्कोर की होती है जरुरत



**हर साल लाखों छात्र राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षा देते हैं। इनमें से तमाम उम्मीदवारों का सपना होता है कि वह किसी भी तरह चुनिंदा मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीसएस की सीट हासिल कर सकें, लेकिन एक सवाल जो हर उम्मीदवार के मन में रहता है, वह है कि नीट में कितने स्कोर चाहिए, जिससे कि एमबीबीसएस की सीट पक्की हो जाए? इसके बारे में पक्के तौर पर तो नहीं कहा जा सकता है पर नीट में एमबीबीसएस के लिए दो स्कोर महत्वपूर्ण होते हैं और इन्हीं स्कोर के आधार पर आपका प्रवेश तय होता है।**

क्वालिफाइंग कट-ऑफ: यह न्यूनतम अंक हैं, जो नीट परीक्षा पास करने और काउंसलिंग के लिए योग्य होने के लिए चाहिए।

एडमिशन कट-ऑफ: यह कॉलेज का कट-ऑफ है, जो सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए चाहिए।

एनटीए प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम क्वालिफाइंग परसेंटाइल निर्धारित करती है। ऐसे में एमबीबीएस के लिए सामान्य श्रेणी के लिए 50वां परसेंटाइल आवश्यक है, जिसका स्कोर रेंज 720 में से 720 से 164 के बीच होना चाहिए। वहीं ओबीसी , एससी, और एसटी श्रेणियों के लिए 40वां परसेंटाइल आवश्यक है, जिसका स्कोर रेंज 720 में से 163 से 129 के बीच होना चाहिए। सामान्य-पीएच श्रेणी के लिए 45वां परसेंटाइल आवश्यक है, जिसका स्कोर रेंज 720 में से 163 से 146 के बीच होना चाहिए। इसी तरह एससी, एसटी, और ओबीसी पीच श्रेणियों के लिए 40वां परसेंटाइल आवश्यक है, जिसका स्कोर रेंज 720 में से 145 से 129 के बीच होना चाहिए।

एमबीबीएस में एडमिशन के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों का कट ऑफ बहुत अधिक होता है। पिछले कई वर्षों के कट ऑफ के आधार पर कहा जा सकता है कि एआईएमएस, जेआईपीएमएआर , और एमएएमसी जैसे शीर्ष संस्थानों में एडमिशन के लिए नीट में 700 से 710 या उससे अधिक स्कोर लाना जरूरी है. तभी आप इन कॉलेजों में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं .अन्य सरकारी कॉलेजों में 15 फीसदी अखिल भारतीय कोटा (एआईक्यू) के तहत प्रवेश के लिए नीट में 650 से 700 का स्कोर जरूरी है। इसी तरह राज्य कोटा (85फीसदी) के लिए सामान्य श्रेणी में 600 से 650 स्कोर आवश्यक है। वहीं बोबीसी श्रेणी के लिए 590 से 650 स्कोर की आवश्यकता है।

## कंटेंट राइटर की मांग बढ़ी



**आजकल सोशल मीडिया के इस दौर में कंटेंट राइटर की मांग अच्छी खासी बढ़ गयी है। छोटी-बड़ी कंपनियों के भी सोशल मीडिया पर प्रोफाइल बने हैं, जिन पर हर रोज कुछ न कुछ अपडेट आता रहता है। सोशल मीडिया एप पर भी आप कंपनियों के बारे में पूरी जानकारी ले सकते हैं।**

आज के समय में कंपनी के यू-ट्यूब अकाउंट, ट्विटर, इंट्राग्राम, टेलीग्राम समेत तमाम पेजों को नियमित तौर पर मैनेज किया जाता है। इन सबमें कंटेंट राइटिंग का रोल सबसे ज्यादा अहम होता है। दरअसल, कंपनी को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने में कंटेंट राइटिंग का रोल महत्वपूर्ण है, जिसके लिए हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। इस हिसाब से देखा जाए, तो टीम में कंटेंट राइटर का पद सबसे ज्यादा अहम होता है।

### क्या करता है कंटेट राइटर

कंटेंट राइटर कंपनी की पहचान, उसके प्रोडक्ट और कंपनी के बारे में जो लिखता है। उसी के आधार पर कंपनी मार्केट में ब्रांड बनकर उभरती है। यदि आप किसी कंपनी के बारे में अच्छे से जानना चाहते हैं, तो सोशल मीडिया या वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जा रहे कंपनी द्वारा कंटेंट से तय होता है। इसके अलावा कंपनियां कंपनी के बारे में ई बुक, कंपनियों की वार्षिक विवरण पुस्तिका, प्रोडक्ट का यूजर मैनुअल या दीक्षांत समारोह का न्यूज लेटर आदि सब कंटेंट राइटर की तैयार करते हैं।

इससे वेबसाइट्स कंटेंट राइटर्स को मोटी रकम पर रखती है। इसमें 12वीं से भी लाखों रुपए कमा रहे हैं। इसी वजह से लोग इसको एक उभरते हुए पेशे के तौर पर को देख रहे हैं।

### वेतन

शुरूआत में एक कंटेंट राइटर के तौर पर कंपनी आपको सालान 2-3 लाख रुपए अदा करती हैं। वहीं समय के साथ अनुभव बढ़ने पर कंटेंट राइटर को सालान 4-5 लाख तक का पैकेज आसानी से मिल जाता है। बता दें कि आमतौर पर एक कंटेंट राइटर को 20 हजार से लेकर 35 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलती है।

## आरआरबी ने ग्रुप डी भर्ती के लिए आवेदन तिथि बढ़ायी



रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी ) ने ग्रुप डी भर्ती के लिए फार्म की तिथि बढ़ा दी है। आरआरबी ने 21997 पदों पर आवेदन मांगे थे जिसके लिए पहले 2 मार्च 2026 तक आवेदन किया जा सकता था पर अब अब आरआरबी ने अंतिम तिथि बढ़ाकर 9 मार्च तक कर दी है। इसके अलावा, आवेदन फीस 4 मार्च की जगह 11 मार्च 2026 तक भरी जा सकती है।

रेलवे ग्रुप डी की इस भर्ती के जरिए असिस्टेंट ब्रिज, लोको शेड,असिस्टेंट ऑपरेशंस, असिस्टेंट पी-वे, असिस्टेंट ट्रैक मशीन, प्वाइंट्समैन समेत अन्य लेवल -1 पद भरे जाएंगे।

### योग्यता

इच्छुक उम्मीदवारों ने किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10वीं पास/मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

10वीं पास होने के साथ ही आईटीआई करने वाले उम्मीदवार ही इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके अलावा,आवेदक की उम्र न्यूनतम 18-33 साल तक होनी चाहिए। आयु सीमा 1 जनवरी 2026 के आधार पर ही मानी जाएगी। वहीं, अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की जन्मतिथि 2 जनवरी 1993 से पहले की नहीं होनी चाहिए।

आवेदन आरआरबी की बेबसाइअ पर करें।

05 मार्च ईएमएस फीचर

## किस प्रकार बन सकते हैं एथिकल हैकर



आजकल जिस प्रकार से साइबर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। उसको देखते हुए एथिकल हैकर की मांग तेजी से बढ़ रही है। एथिकल हैकर का काम अपने कौशल का इस्तेमाल कर कंपनियों और लोगों को साइबर हमले से बचाना हैं। एथिकल हैकर कंप्यूटर सिस्टम की कमजोरियों का पता लगाकर साइबर हमले रोकते हैं।

आजकल जिस प्रकार से साइबर अपराध बढ़ रहा है, उससे एथिकल हैकर्स की भी मांग भी तेजी से बढ़ी है। सरकारी क्षेत्र से लेकर निजी क्षेत्र सभी में इनके लिए अवसर काफी ज्यादा है। हालात ये है कि जरुरत जितनी है उससे इसके पेशेवरों की तादाद काफी कम है। ऐसे में यह एक फायदेमंद, रोमांचक और महत्वपूर्ण कॅरियर बन गया है। ऐसे में अगर आप भी कंप्यूटर और हैकिंग में रुचि रखते हैं, तो आप एथिकल हैकिंग की बारीकियां सीखकर इस क्षेत्र में उतर सकते हैं।

एथिकल हैकर बनने के लिए उम्मीदवार को कंप्यूटर सिस्टम से जुड़ी सभी अहम जानकारियां होनी चाहिए। इसमें स्क्रिप्टिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम नेटवर्किंग का अच्छा ज्ञान, प्रोग्रामिंग पर अच्छी पकड़, सर्वर और सर्च इंजन, डाटाबेस की अच्छी समझ, नई तकनीकों से उसे लगातार अपडेट रहना होगा। इसके साथ ही विंडोज, लिनक्स और पायथन जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम की भी पूरी जानकारी होनी चाहिये।

## पायलट बनने का पूरा रोडमैप! लाइसेंस, योग्यता और ट्रेनिंग की जानकारी

पायलट बनने का सपना हर युवा नहीं देखता है. लेकिन जो भी इस फील्ड में जाने का सोचते हैं, उन्हें पता है कि ये करियर न सिर्फ रोमांच, जोखिम, लग्जरी से भरा है बल्कि इसमें सम्मान भी मिलता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक प्रोफेशल पायलट बनने के लिए क्या करना पड़ता है. इसके लिए कई पड़ाव को पार करना होता है और कई तरह के लाइसेंस होता है.

### शैक्षणिक योग्यता

पायलट बनने के लिए सबसे जरूरी शर्त यह है कि उम्मीदवार ने 12वीं कक्षा फिजिक्स, गणित और अंग्रेजी विषयों के साथ कम से कम 50% अंकों से पास की हो. यदि 12वीं में ये विषय शामिल नहीं थे तो पायलट कोर्स के लिए एलिजिबल नहीं होंगे. ऐसी स्थिति में आप किसी भी ओपन स्कूल से ये डिग्री पा सकते हैं.

### आयु सीमा

कमर्शियल पायलट लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है. हालांकि, छात्र पायलट लाइसेंस के लिए 16 वर्ष की उम्र से ही शुरुआत की जा सकती है.

### मेडिकल फिटनेस

पायलट बनने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होना अनिवार्य है. विजन अच्छी होनी चाहिए और गंभीर बीमारियां नहीं होनी चाहिए. इसके लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल



एविएशन द्वारा अधिकृत डॉक्टर से मेडिकल सर्टिफिकेट लेना होता है.

### पायलट बनने की प्रक्रिया (स्टेप-बाय-स्टेप गाइड)

पायलट बनने के लिए कुछ अहम चरणों से गुजरना पड़ता है. सबसे पहले उम्मीदवार को ष्ठत्रष्ट से मान्यता प्राप्त किसी फ्लाइंग स्कूल या एकेडमी में प्रवेश लेना होता है. भारत में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान पायलट प्रशिक्षण प्रदान करते हैं.

### लाइसेंस के प्रकार

एयरलाइंस में नौकरी पाने के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण लाइसेंस है. इसके लिए आपको कम सेकम 200 घंटे की उड़ान का अनुभव और लिखित परीक्षाएं पास करनी होती हैं.

### जरूरी स्किलस

एक सफल पायलट बनने के लिए केवल डिग्री या लाइसेंस होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कुछ जरूरी स्किलस भी चाहिए. निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन और कॉन्फिडेंस होने चाहिए. पायलट को एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ञ्जष्ट) और अपने क्रू मेंबर्स के साथ बेहतर कम्युनिकेशन के लिए अच्छी अच्छी इंग्लिश आनी चाहिए.

## संक्षिप्त समाचार

### पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम से मिले जय शाह

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह ने पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने पर जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है। जम्मू-कश्मीर ने खिताबी मुकाबले में आठ बार की विजेता कर्नाटक को हराकर सभी को हैरान कर दिया है। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर जीत की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की जीत दिखाती है कि राज्य में क्रिकेट आगे बढ़ रहा है जो गर्व की बात है। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की इच्छा भी जताई थी। तब खिलाड़ियों ने बीसीसीआई सचिव रहते शाह के जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए किए गए कार्यों की भी प्रशंसा की थी। बीसीसीआई ने जम्मू-कश्मीर टीम को उसके इस सफलता पर बधाई दी। साथ ही जीतने वाली टीम से मिलने के लिए शाह को धन्यवाद दिया।

### दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने फिन एलन की पारी को सराहा

**कोलकाता।** न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाजों फिन एलन और टिम साइफर्ट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलायी। इन दोनो की आक्रामक बल्लेबाजी के सामने विरोधी टीम के गेंदबाज बेबस नजर आये। इस मैच के दौरान फिन ने टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक भी लगाया जिससे न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंच गई। एलन ने अपनी पारी में 10 चौके और आठ छक्के लगाये। इन दोनो के ही इस प्रदर्शन की भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन, वसीम जाफर और ने जमकर प्रशंसा की है।
धवन ने लिखा, एलेन की जबरदस्त बल्लेबाजी। टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक। फाइनल में पहुंचने पर न्यूजीलैंड को बहुत-बहुत बधाई। वहीं जाफर ने कहा, विश्व कप के सेमीफाइनल में 33 गेंद में शतक, शानदार फिल एलन, अच्छा नहीं लगा, जब आप ग्रुप स्तर में हावी रहते हैं और फिर बड़े गेम में हार जाते हैं। न्यूजीलैंड को श्रेय जाता है, वह पूरे मैच में हावी रही।

### गावस्कर का फाउंडेशन कर रहा गोल्फ इवेंट का आयोजन

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का चैंप्स फाउंडेशन 6 मार्च को डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ इवेंट आयोजित करने जा रहा है। इसमें कई पूर्व क्रिकेटरों के अलावा अन्य खेलों के दिग्गज भी भाग लेंगे। ये इवेंट मुंबई के चेंबूर स्थित बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ क्लब में होगा। इसमें दुनिया भर के नामी गोल्फर भाग लेंगे। ये फाउंडेशन परेशानियों से संघर्ष कर रहे पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सहायता करता है। इस टूर्नामेंट में 100 से ज्यादा प्रतियोगियों के शामिल होने की संभावना है।

### इंग्लैंड को 7 रन से हराया, सैमसन ने 89 रन बनाए, बेथेल का शतक बेकार

# भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी।

जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके। मैच का स्कोरबोर्ड



संजू सैमसन ने फिफ्टी लगाई, भारत 253/7: इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली। जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पंड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से विल जैक्स और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट जोफ्रा आर्चर को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए।

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया: भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है। जोकि टीम ने इस वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में बनाया था। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा। श्रीलंका के नाम टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड हैं, टीम ने केन्या के खिलाफ 2007 में 260 रन बनाए थे। इंग्लैंड का स्कोर 200 पार हुआ, बेथेल शतक के करीब: 17वें ओवर में इंग्लैंड ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जैकब बेथेल ने अर्शदीप सिंह के ओवर की आखिरी दो बॉल पर चौका और छक्का लगाया। इसी के साथ टीम 200 पार पहुंची।

अर्शदीप ने विल जैक्स को पवेलियन भेजा: 14वें ओवर की आखिरी बॉल पर अर्शदीप सिंह ने विल जैक्स (35 रन) को कैच आउट कराया। उनके इस ओवर से 12 रन आए।

अक्षर पटेल के ओवर से 15 रन आए: 13वां ओवर डाल रहे अक्षर पटेल ने 15 रन खर्च कर दिए। विल जैक्स ने अक्षर की दूसरी बॉल पर छक्का और तीसरी बॉल पर चौका लगाया।

बेथेल-जैक्स में फिफ्टी पार्टनरशिप: 12वें ओवर की आखिरी बॉल पर जैकब बेथेल ओर विल जैक्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। विल जैक्स ने वरुण चक्रवर्ती के ओवर की आखिरी बॉल पर छक्का लगाया और साझेदारी को 50 पार पहुंचा दिया।

जैकब बेथेल की 19 बॉल पर फिफ्टी: 11वें ओवर में जैकब बेथेल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 19 बॉल पर अर्धशतक लगाया। बेथेल ने बुमराह की तीसरी बॉल पर 2 दौड़े।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड:** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक (कप्तान), सैम करन, विल जैक्स, लियम डॉसन, जैमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर और आदिल रशीद।



पर्थ में महिला एशिया कप फुटबॉल में खेलती हुई महिला खिलाड़ी।


### हांगकांग के इस खिलाड़ी को हराया

## लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। लक्ष्य ने हांगकांग के लोंग एंगस को हराया।

भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य से पुरुष एकल वर्ग में हांगकांग के लोंग एंगस को हराया। विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी और 2022 संस्करण के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने लोंग को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से हराया। लक्ष्य का सामना अब चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के नहात नगुयेन से होगा।



पहले गेम में पीछे चल रहे थे लक्ष्य: विश्व चैंपियनशिप (2021) के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे। वह पहले गेम की शुरुआत में 4-6 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए 15-11 की बढ़त बना ली और आक्रामक रिटर्न तथा सटीक प्लेसमेंट से दबाव बनाए रखा। लक्ष्य ने दूसरे गेम में क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ शानदार शुरुआत की और ब्रेक तक 11-4 की बढ़त बना ली। उन्होंने ताकत और सटीकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए स्कोर 14-7 कर दिया।

लय बरकरार नहीं रख सके लोंग: लोंग दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी को टक्कर देने के बाद तीसरे गेम में इस दमखम को जारी नहीं रख सके। लक्ष्य ने इस दौरान शानदार मानसिक मजबूती दिखाई। उन्होंने तेज और आक्रामक खेल के दम पर 6-2 की बढ़त बना ली। उनके मजबूत डिफेंस के सामने लोंग लगातार अंक बनाने में संघर्ष करते दिखे। लक्ष्य ने कई मैच प्वाइंट हासिल किए और हांगकांग के खिलाड़ी का एक और शॉट बाहर जाने के साथ मुकाबला अपने नाम कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज में विश्व चैंपियन गुकेश को मिली हार

## अरविंद ने 48 चाल में जीता मैच

**प्राग ■ एजेंसी**

अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के छठे दौर में सटीक रणनीति अपना अपनाकर हमवतन डी गुकेश को हराया जिससे मौजूदा फिडे विश्व चैंपियन अंतिम स्थान पर खिसक गया।

अरविंद की जीत का मतलब है कि गुकेश अब लाइव रेटिंग सूची में 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। किसी प्रतियोगिता में नहीं खेलने के कारण विश्वनाथन आनंद इस सूची में शामिल नहीं हैं। दिसंबर 2024 में खिताब जीतने के बाद से गुकेश को विश्व चैंपियन का अपना रुतबा बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।





जनवरी 2025 में टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट एकमात्र अपवाद था, जब पहले स्थान के लिए खेले गए टाईब्रेकर में वह हमवतन आर प्रज्ञानंद से हार गए थे। अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए फिलिडोर डिफेंस का प्रयोग बुरी तरह विफल होने के बाद सिसिलियन डिफेंस अपनाया। गुकेश के लिए मुश्किलें खड़ी करना आसान था क्योंकि मिडिल गेम के शुरू में उन्होंने अपना एक प्यादा कुर्बान कर दिया था। अरविंद ड्रॉ से खुश हो जाते लेकिन गुकेश ने 40वीं चाल में गलती की। अरविंद ने इसका फायदा उठाकर 48 चाल में जीत हासिल कर दी। दिन के अन्य मैच ड्रॉ रहे। इस तरह से जोर्डन वैन फोरेस्ट 4.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बनाए हुए हैं। उन्होंने स्थानीय स्टार डेविड नवारा के साथ अंक बांटे। नवारो चार अंक लेकर उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद डेविड एंटोन गुइजारोव 3.5 अंक के साथ अगले स्थान पर हैं। उनके बाद अरविंद, जर्मनी के विन्सेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव का नंबर आता है। नीमन 1.5 अंकों के साथ गुकेश से ठीक ऊपर हैं। चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने नीदरलैंड के थॉमस बीर्डसेन के साथ ड्रॉ खेला, जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ अंक साझा किया।

## व्यापार समाचार

### 1 अप्रैल से लागू होंगे नए नियम, कार्ड्स पर सिर्फ 50 हजार ही निकलेंगे

# पीएनबी ने एटीएम से कैश निकालने की लिमिट 50% घटाई

पंजाब नेशनल बैंक ने अपने चुनिंदा डेबिट कार्ड्स (एटीएम कार्ड) से रोजाना कैश निकालने की लिमिट को आधा कर दिया है। नए नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। बैंक ने यह फैसला रिस्क कंट्रोल को मजबूत करने और ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लिया है।

1 लाख वाली लिमिट अब 50,000 हुई: पीएनबी ने अपने डेबिट कार्ड्स को दो मुख्य कैटेगरी में बांटकर लिमिट रिवाइज की है। जिनकी डेली लिमिट पहले 1 लाख रुपए थी, इसे अब 50 हजार रुपए कर दिया है। वहीं दूसरी कैटेगरी में प्रीमियम कार्ड्स की लिमिट 1.5 लाख रुपए से घटाकर 75 हजार रुपए कर दी गई है।

सुरक्षा और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना मकसद: बैंक ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि यह बदलाव सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। बैंक का मानना है कि कैश निकालने की लिमिट कम होने से फ्रॉड के मामलों में ग्राहकों को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही बैंक ग्राहकों को कैश के बजाय डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है।

एप या इंटरनेट बैंकिंग से खुद भी बदल सकते हैं लिमिट: अगर ग्राहक अपनी संशोधित लिमिट के भीतर ही बदलाव करना चाहते हैं, तो बैंक ने इसके लिए कई विकल्प दिए हैं। ग्राहक क्क्क्ठ्ठ



मोबाइल एप, इंटरनेट बैंकिंग, वॉट्सएप बैंकिंग या IVR (कॉल) के जरिए अपनी डेली लिमिट सेट या रिसेट कर सकते हैं।

मोबाइल एप से लिमिट बदलने का तरीका: बैंक ने बताया है कि ऊपर बताए गए कार्ड्स के अलावा अन्य सभी डेबिट कार्ड की कैश निकालने की लिमिट पहले जैसी ही रहेगी। साथ ही, अगर आप दुकान पर कार्ड स्वाइप करते हैं या ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, तो वहां की ट्रांजैक्शन लिमिट में कोई कटौती नहीं की गई है। यह वह अधिकतम राशि है जो आप 24 घंटे में अपने कार्ड का उपयोग करके एटीएम मशीन से निकाल सकते हैं। बैंक अक्सर सुरक्षा कारणों से अलग-अलग कार्ड्स पर अलग-अलग लिमिट तय करते हैं।

### *रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, पहली बार 92.05 पर आया*

***नई दिल्ली।*** *मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल के बढ़ते दाम के कारण भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर 92.05 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले जनवरी में रुपया 91.98 के निचले स्तर पर गया था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जब तक युद्ध शांत नहीं होता, रुपए पर दबाव बना रह सकता है। इस साल रुपए में अब तक 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। इससे चलते यह 2026 में दुनिया के इमर्जिंग मार्केट्स की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी में से एक बन गई है। पिछले महीने अमेरिका और भारत के बीच हुई ट्रेड डील के बाद लगा था कि रुपए की स्थिति सुधरेगी। उस समय विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में पैसा लगाना शुरू किया था और रुपए ने थोड़ी रिकवरी भी की, लेकिन मिडिल-ईस्ट में जैसे-जैसे लड़ाई बढ़ी, राहत कुछ दिन में ही खत्म हो गई।*



### शुरुआती कीमत 69,990, इसमें आईफोन वाली A18 प्रो चिप, 11 मार्च से सेल

## एपल ने लॉन्च किया सबसे सस्ता लैपटॉप मैकबुक नियो

**कैलिफोर्निया ■ एजेंसी**


दिग्गज टेक कंपनी एपल ने अपना अब तक का सबसे किफायती लैपटॉप 'मैकबुक नियो' लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसे उन यूजर्स के लिए पेश किया है जो कम बजट में मैकबुक का अनुभव लेना चाहते हैं। इसकी शुरुआती कीमत भारत में 69,990 रुपए रखी गई है।

आईफोन वाली चिप के साथ आएगा लैपटॉप: मैकबुक नियो में ए18 प्रो चिपसेट दिया गया है। ये 6-कोर सीपीयू और 5-कोर GPU के साथ आता है। इसमें 16-कोर वाला न्यूरल इंजन भी है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टास्क को तेजी से प्रोसेस करता है। ये चिप आईफोन 16 प्रो में मिलती थी।

एपल का दावा है कि स्मार्टफोन चिपसेट होने के बावजूद यह लैपटॉप ब्राउजिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग, फोटो एडिटिंग और डेली ऑफिस वर्क को बड़ी आसानी से हैंडल कर सकता है।

13-इंच की स्क्रीन और चार कलर्स: डिजाइन के मामले में यह काफी हद तक मैकबुक एयर जैसा दिखता है। इसमें 13-इंच की लिक्विड रेटिना डिस्प्ले दी गई है। इसे टिकाऊ एल्युमिनियम एनक्लोजर से बनाया गया है और यह चार कलर्स- ब्लश, इंडिगो, सिल्वर और सिट्रस में उपलब्ध होगा।

बैटरी लाइफ और स्टोरेज ऑप्शन्स: एपल के मुताबिक, मैकबुक नियो को एक बार फुल चार्ज करने पर 16 घंटे तक का वीडियो प्लेबैक टाइम



मिलता है। इसमें 36.5Wh की बैटरी लगी है। इसे बॉक्स में मिलने वाले 20W के USB-C पावर अडैप्टर से चार्ज किया जा सकता है।

मेमोरी: 8GB की यूनिफाइड मेमोरी दी गई है स्टोरेज: 256GB और 512GB स्टोरेज ऑप्शन: कनेक्टिविटी और एक्सटर्नल डिस्प्ले सपोर्ट इसमें एक USB 3 टाइप-सी पोर्ट दिया गया है, जो डिस्प्ले पोर्ट की तरह भी काम करता है। इसके अलावा एक दूसरा SB 2 टाइप-सी पोर्ट और 3.5mm का हेडफोन जैक भी मिलता है। यह 60H5 रिफ्रेश रेट पर एक एक्सटर्नल 4K डिस्प्ले को सपोर्ट कर सकता है।

कीमत और उपलब्धता: भारत में मैकबुक नियो की शुरुआती कीमत 69,990 रुपए है। इसके लिए प्री-ऑर्डर एपल की वेबसाइट पर शुरू हो गए हैं। इसकी बिक्री 11 मार्च से शुरू होगी।

यह लेटेस्ट macOS पर काम करेगा। वीडियो कॉल के लिए इसमें 1080p फेसटाइम HD कैमरा और स्पेशियल ऑडियो सपोर्ट वाले डुअल स्पीकर

### चीन ने घटाया आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य, घरेलू मांग बढ़ाने योजना लागू

**बीजिंग।** चीन ने इस साल अपनी आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य घटाकर 4.5 से 5 फीसदी कर दिया है। यह पहला मौका है जब पिछले तीन वर्षों तक लगातार 5 फीसदी का लक्ष्य रखने के बाद सरकार ने इसे संशोधित किया। यह कदम वैश्विक और घरेलू आर्थिक दबावों के बीच लिया गया है। अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और बढ़ते वैश्विक आर्थिक संकट ने चीन की निर्यात-आधारित वृद्धि पर दबाव डाला है। पिछले साल निर्यात मजबूत रहने के बावजूद घरेलू खपत धीमी रही, जिससे आर्थिक संतुलन चुनौतीपूर्ण हो गया।

### वाहन बिक्री में उछाल, फरवरी 2026 में 26 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने गुरुवार को बताया कि फरवरी 2026 में भारत में वाहनों की घरेलू खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। कुल बिक्री 24,09,362 इकाई रही, जो फरवरी 2025 में 19,17,934 इकाई थी। फाडा के एक व ?रिष्ठ अ ?धिकारी ने कहा कि जीएसटी सुधार, बेहतर मांग और बाजार का भरोसा सभी श्रेणियों के बेहतर प्रदर्शन के प्रमुख कारण रहे। शहरी और ग्रामीण बाजारों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री 17,00,505 इकाई रही, जो पिछले साल 13,60,155 इकाई थी, यानी 25 फीसदी वृद्धि। तिपहिया वाहनों की बिक्री में 24 फीसदी, यात्री वाहनों में 26 फीसदी और वाणिज्यिक वाहनों में 29 फीसदी की वृद्धि हुई। यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल के 3,13,015 इकाई से बढ़कर 3,94,768 इकाई तक पहुंच गई। अ ?धिकारी ने बताया कि छह में पांच श्रेणियों ने अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की।

### होम क्रेडिट इंडिया की स्टडीज रेखांकित करती हैं महिलाओं को भारत की मौन वित्तीय क्रांतिकारियों के रूप में

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

इस महिला दिवस पर, अग्रणी कन्ज्यूमर फाइनैंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया, वित्त के क्षेत्र में भारतीय महिलाओं के देश की 'मौन डिजिटल लीडर्स' के रूप में उभरने का उत्सव मना रही है। 'हाउ इंडिया बरोज़ स्टडी 2025' (एचआईबी 7.0) और 'द ग्रेट इंडियन वॉलेट' (जीआईडब्लू 3.0) के निष्कर्ष कई ऐसे रुझानों को दर्शाते हैं जो बताते हैं कि महिलाएँ ऑनलाइन कॉमर्स को बढ़ावा देकर, वित्तीय शिक्षा को प्राथमिकता देकर और विवेक एवं उद्देश्य के साथ उत्तरदायी क्रेडिट अपनाने के तरीकों को नया आकार देकर भारत के डिजिटल क्रेडिट विकास का सूक्ष्मता से नेतृत्व कर रही हैं।

भारत के डिजिटल बदलाव का नेतृत्व कर रहीं महिलाएं : डिजिटल उपभोक्ता व्यवहार को अपनाने में महिलाएँ सबसे आगे हैं; एचआईबी 7.0 के अनुसार 66% महिलाएँ ऑनलाइन शॉपिंग करती हैं। डिजिटल कॉमर्स की सुविधा महिलाओं को घरेलू खरीदारी को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने, समय का सदुपयोग करने और वित्तीय स्वतंत्रता बनाने में सक्षम बना रही है।

इसके साथ ही, महिलाएँ एम्बेडेड फाइनेंस साल्यूशन्स के प्रति भी अधिक रुचि दिखा रही हैं। 51% महिलाएँ पुरुषों (49%) की तुलना में एम्बेडेड फाइनेंस को अधिक प्राथमिकता देती हैं, जो निर्बाध और खरीदारी के स्थान पर मिलने वाले क्रेडिट विकल्पों के प्रति उनके बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

हालांकि भरोसा अभी भी केंद्र में है। जहाँ भौतिक रूप से पीओएस या बैंक जाने की प्राथमिकता में कमी आई है, वहीं 39% महिलाएँ अब भी व्यक्तिगत संपर्क को महत्व देती हैं, जो यह संकेत देता है कि महिलाएँ डिजिटल सुविधा और सोच-समझकर लिए गए निर्णयों के बीच संतुलन बनाकर चलती हैं।

विवेकशील शिक्षार्थी: डिजिटल माध्यमों को अपनाने के अलावा, ये अध्ययन इस बात पर जोर देते हैं कि महिलाएँ ज़िम्मेदार तरीके से ऋण लेने की परिभाषा को फिर से लिख रही हैं। एचआईबी 7.0 से पता चलता है

### पिछले वर्ष की तुलना में कुल बिक्री में 34% की सालाना वृद्धि दर्ज की

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2026 में 5.67 लाख यूनिट बिक्री के साथ मजबूत वृद्धि दर्ज की

**गुरूग्राम ■ एजेंसी**

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने फरवरी 2026 में कुल 5,67,351 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 5,13,190 यूनिट घरेलू बाजार में और 54,161 यूनिट निर्यात के रूप में शामिल हैं।

कंपनी ने फरवरी 2025 की तुलना में 34% की सालाना वृद्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से फरवरी 2026) की वर्ष-से-तारीख (ङ्घञ्जष्ठ) अवधि के दौरान, एचएमएसआई ने कुल 58,20,556 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 52,37,169 यूनिट घरेलू बिक्री और 5,83,387 यूनिट निर्यात शामिल हैं।

फरवरी 2026 में एचएमएसआई की प्रमुख उपलब्धियां सड़क सुरक्षा: 'सबके लिए सुरक्षा' के अपने विज़न के अनुरूप, एचएमएसआई ने अजमेर, पुणे, नासिक, नारनौल, वडोदरा, हिसार, गोरखपुर, कटिहार, औरंगाबाद, मैंगलोर, छिंदवाड़ा और कोच्चि सहित देशभर के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा अभियान आयोजित किए। इन पहलों के माध्यम से जिम्मेदार राइडिंग व्यवहार को बढ़ावा दिया गया और सुरक्षित सड़कों के लिए सामुदायिक जागरूकता को मजबूत किया गया।

एचएमएसआई ने ग्वालियर, कोच्चि, आगरा और मदुरै में सड़क सुरक्षा सम्मेलनों का भी आयोजन किया, जिसमें प्राचार्यों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। इसका उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सुरक्षित सड़क व्यवहार की आदत विकसित करना था।

साथ ही, एचएमएसआई ने चेन्नई और जयपुर स्थित अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों की वर्षगांठ मनाई, जो राइडर शिक्षा और सुरक्षित राइडिंग व्यवहार को बढ़ावा देने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**नेटवर्क विस्तार:** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने तिनसुकिया में एक नए अधिकृत डीलरशिप का उद्घाटन कर अपने नेटवर्क को और मजबूत किया। विशेष रूप से प्रशिक्षित सेल्स और सर्विस टीम के साथ यह डीलरशिप ग्राहकों को व्यक्तिगत और बेहतर सेवा प्रदान करेगी।

### एनएचएआई प्रायोजित आरआईआईटी का 6,000 करोड़ का आईपीओ लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने अपने पहले आईपीओ के लिए 99-100 रुपए प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। कुल आईपीओ का आकार 6,000 करोड़ रुपये तक है। सार्वजनिक निवेशक के लिए आवेदन 11 मार्च से खुलेंगे और 13 मार्च को बंद होंगे। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी। इस इन्विट का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों की मौद्रिकरण क्षमता का लाभ उठाना है।



**रायसेन।** गुरुवार को भाई एवं बहन के बीच प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पारंपरिक त्यौहार रायसेन सहित जिले भर के गांव गांव में उत्साह जनक वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर बहनो ने अपने भाइयों को तिलक लगाया वही भाइयों ने बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# होली खेलने जुलूस के साथ सड़कों पर उतरे हुरियारे, जमकर वर्षा रंग गुलाल

**रायसेन ■ निसं**

होली के पावन पर्व के अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में होली का जुलूस र श्री हनुमान मंदिर पाटनदेव से निकाला गया, जो सागर मार्ग होते हुए नए रायसेन में आया जहाँ जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल युवाओं,और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं नगर में होली के रंग लगाते और गुलाल उड़ाते हुए साथ चल रहे थे। जुलूस में ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर युवा नाचते-गाते नजर आए।

जुलूस के दौरान रंग-गुलाल उड़ाकर लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया।



हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ने सभी श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार



### सांसद शिव राज के जन्म दिवस पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे

रायसेन। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को युवा मोर्चा द्वारा पीएचई ऑफिस परिसर में बृहद पौधा रोपण किया गया, इस अवसर युवा मोर्चा के युवा नेता वरुण खत्री का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मामाजी के आह्वान पर हमने उनका जन्मदिवस पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लेकर मनाया है,इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी सभी भाजपा एवं युवाओं से पौधारोपण करने का आह्वान किया था। इस अवसर पर शिवम् बघेल,बालमुकुंद मेघवंशी, आकाश पंथी,राजू चौहान,राहुल ठाकुर,विकास चौहान,गौरव परसाई,विशाल विश्वकर्मा,मनोज सोलंकी, सचिन धाकड़,निखिल बघेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता मंडीदीप में 8 मार्च को

**रायसेन।** जिले के औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप स्थित शासकीय विद्यालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को भारत सरकार के खेल कूद युवक कल्याण मंत्रालय की ओर से जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का विशाल आयोजन किया जा रहा है,जिसमें विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियां संचालित होगी। उक्त आयोजन में भारत सरकार के खेलकूद युवक कल्याण मंत्रालय एवं जिला खेलकूद विभाग आदि के सहयोग से यह आयोजन होने जा रहा है महिला खेल प्रतियोगिता में 13 वर्ष से 18 एवं इससे अधिक वर्ष की महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

### वनगवा गांव में सौ साल पुरानी परंपरा आज भी कायम

# वीर बम्बोल मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रायसेन ■ निसं**

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम वनगवा में हलारिया कुर्मी पटेल परिवार द्वारा विगत 100 वर्षों से मेघनाथ बाबा की पूजा अर्चना की जाकर वीर बमबोल मेले का आयोजन होता आ रहा है।होली की पड़वा को इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में गांव के लोगों के अलावा आसपास के गांव से भी लोग पहुंचे ।इस मौके पर कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के जिला अध्यक्ष सीएल गौर ने कार्यक्रम में शामिल होकर सभी को होली उत्सव एवं मेला आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बनगवा के जनपद सदस्य नितेश पटेल, पूर्व सरपंच मुननूलाल गौर, नंदकिशोर गौर,मुन्नालाल गौर, बटन पटेल, कैलाश गौर, रामबाबू पटेल सहित बड़ी संख्या में आस पास गांव के लोग मौजूद रहे।







### क्या है हलारिया परिवार की अनूठी परंपरा

बनगवा में हलारिया परिवार द्वारा 100 वर्षों से वीर बम बोल मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मेघनाथ बाबा की विशेष पूजा अर्चना की जाती है इसके पश्चात 25 फीट ऊंचे दो खमबो के ऊपर बकरे को घुमाने की परंपरा है जिसे बाद में उतार लिया जाता है, इसके पश्चात दोनों तरफ रस्सी के माध्यम से परिक्रमा की जाती है, इस दौरान परिक्रमा लगाने वालों को कोड़े से मार लगाई जाती है परंतु बाबा मेघनाथ की कृपा से उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं पहुंचती।

हलारिया कुर्मी पटेल परिवार के लोगों ने बताया कि यह हमारी 100 वर्ष पुरानी परंपरा है हमारे दादा परदादा के समय से यह आयोजन होता आ रहा है, हम भी बाबा मेघनाथ बाबा की पूजा करते हैं, हमारे ऊपर उनका पूरा आशीर्वाद है, इसके अलावा जो भी मन्नत मांगते हैं वह पूरी होती है ।होली के दूसरे दिन पड़वा को यह आयोजन हमारे परिवार द्वारा किया जाता है जहां पूरा हलारिया परिवार एकत्रित होकर इस आयोजन में सहयोग प्रदान करता है और विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम में परिवार सहित सभी उत्साह के साथ भाग लेते है।

# मार्च में अवकाश दिवसों में खुले रहेंगे पंजीयन कार्यलय

**रायसेन ■ निसं**

प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने तथा शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए माह मार्च 2026 में समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में समस्त वरिष्ठ जिला पंजीयक/जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय शासकीय और पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश द्वारा सभी परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन और सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक तथा जिला पंजीयक को सार्वजनिक अवकाश दिवसों में पंजीयन कार्यालय खोले जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों उपज के लिए 20 मार्च तक किए जाएंगे पंजीयन

**रायसेन ■ निसं**

म.प्र. शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय म.प्र. भोपाल के पत्रानुसार भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावान्तर योजना) अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में ई उपार्जन पोर्टल पर सरसों उपज हेतु किसान पंजीयन 26 फरवरी से प्रारंभ हो गए हैं तथा यह 20 मार्च 2026 तक किए जाएंगे।

शासन के निर्देशानुसार रायसेन जिले में गेहूं फसल पंजीयन केन्द्रो पर ही 20 मार्च 2026 तक सरसों के पंजीयन किए जायेंगे। जिले के सरसों उत्पादक किसानों से निर्धारित अवधि में पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है।

जिले में जिन किसानों ने सरसों की बुवाई की है वे अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन निर्धारित लिंक पर जाकर मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी- विपणन समितियों द्वारा स्थापित सुविधा केन्द्रों, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के दौरान भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है।

इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति ले जाना अनिवार्य है। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा, इसलिए किसान अपने आधार और बैंक खाते को मोबाईल नम्बर से लिंक कराकर रखें।

# डायवर्सन शुल्क जमा नहीं कराने पर स्पेस वेयरहाउस सील

**रायसेन ■ निसं**

कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदारों को डायवर्सन शुल्क, भू-राजस्व सहित अन्य राजस्व समय से जमा नहीं कराने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा के निर्देशन में गुरुवार को गैरतगंज तहसील में डायवर्सन की राशि तथा भू-राजस्व जमा नहीं करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए कड़ी कार्यवाही की गयी। अनुविभागीय अधिकारी गैरतगंज अंकित कुमार जैन द्वारा गैरतगंज तहसील के ग्राम पठारी में डायवर्शन शुल्क जमा नहीं किए जाने पर मुकेश अग्रवाल आत्मज भगवानदास निवासी रायसेन के स्पेस वेयरहाउस को सील किया गया। लगातार नोटिस उपरांत भी डायवर्शन की राशि जमा नहीं कराए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी जैन ने यह कार्यवाही की है। उन्होंने बताया कि सभी बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किए जा चुके है, राजस्व शुल्क जमा नहीं कराने पर तहसील क्षेत्र में आगे भी लगातार कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान नायब तहसीलदार देवनगर श्री योगेश्वर भारती, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### खाड़ी देशों में रह रहे म.प्र. के निवासियों की सहायता के लिए मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में कंट्रोल रूम स्थापित

**रायसेन, निप्र।** वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत मध्यप्रदेश शासन द्वारा खाड़ी देशों में रह रहे मध्यप्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में 24×7 कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। मध्यप्रदेश के निवासी जो खाड़ी देशों में अध्ययन, नौकरी, व्यवसाय, पर्यटन, इत्यादि के लिए गये मध्यप्रदेश के निवासी वर्तमान परिस्थितियों में किसी प्रकार की सहायता की अपेक्षा करते हों तो वे कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम की सहायता से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संबंधितों को भारत सरकार एवं संबंधित अन्य एजेंसियों से संपर्क करते हुए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### सेवा दिवस के रूप में मनाया केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का जन्म दिवस, रोपित किए विभिन्न प्रजाति के पौधे

# भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के साथ स्कूली बच्चों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज का सुना लाइव प्रसारण

**रायसेन ■ निसं**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा रायसेन विदिशा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्म दिवस गुरुवार को सेवा दिवस के रूप में जिले के देवनगर कस्बा स्थित पीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के हाल में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के लाइव प्रसारण के माध्यम से बच्चों के साथ बैठकर सुना। चौहान ने कहा कि शिक्षा, संस्कार और बच्चों की प्रगति से लेकर उन्हें निशुल्क मामा कोचिंग के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कक्षा नवमी से लेकर 11वीं तक के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री चौहान के प्रसारण को बच्चे बड़े ध्यान से सुन रहे थे। चौहान द्वारा कहा गया कि संसदीय क्षेत्र में जो भी बच्चा टॉपर रहेंगे उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। चौहान द्वारा बेसहारा एवं गरीब बच्चे जो कोचिंग नहीं पढ़ पाते उनकी चिंता करते हुए विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले भेरूंदा, बुधनी रायसेन एवं विदिशा में मामा कोचिंग सेंटर पर ऐसे बच्चों के लिए निशुल्क रूप से कोचिंग पढ़ाई जाएगी जिसका लाभ गरीब बच्चों को आसानी के साथ मिल सकेगा। चौहान द्वारा अपने जन्म दिवस 5 मार्च को शुरू की गई इस सराहनीय पहल का पालक अभीभावक एवं बच्चों ने भी स्वागत किया है।



छात्र-छात्राओं का भी कहना था कि मामा शिवराज ने गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और उनका शैक्षणिक स्तर भी बड़े ताकि वह उच्च पदों तक आसानी से पहुंच सके। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान द्वारा अपने जन्म दिवस पर उन्होंने बहुत ही सराहनी पहल की शुरुआत की है जो की मामा कोचिंग केंद्र खोलकर उन्होंने गरीब बेसहारा बच्चे जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कोचिंग नहीं ले पा रहे थे ऐसे बच्चों की चिंता करते हुए सांसद चौहान द्वारा सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने केंद्रीय मंत्री चौहान की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब गरीब असहाय बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण करने को मिलेगी।

# हत्या के मामले में सुल्तानपुर पुलिस की कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक अभी भी फरार

**रायसेन ■ निसं**

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के मार्गदर्शन में जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सुल्तानपुर पुलिस द्वारा हत्या के एक गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। विगत 3 मार्च को ग्राम सांतरा से एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर थाना सुल्तानपुर में कायमी अपराध क्रमांक 26 धारा 103(1) बी एन एस अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास के रहवासियों से गहन पूछताछ एवं पतारसी की गई, जिसमें ज्ञात हुआ कि मृतक अमर सिंह पंदाम पिता स्व. मिश्रीलाल पंदाम उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम निवाड़ी 2 मार्च को घर से सुल्तानपुर जाने की बात कहकर निकला था। रास्ते में ग्राम सांतरा में उसकी ससुराल होने के कारण वह लखनलाल साहू की किराना दुकान पर रुक गया, जहां शराब के नशे में परसराम को मृतक अमर सिंह द्वारा गाली-गलौच किए जाने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा समझाइश देकर दोनों को वहां से जाने के लिए कहा गया, परंतु दोनों आपस में झगड़ते हुए भील टोला रोड की ओर चले गए। इस बीच विवाद की सूचना मिलने पर परसराम मालवीय का पुत्र अरविंद उर्फ ओटू अपने साथियों राहुल ठाकुर एवं सुरेन्द्र जाटव के साथ डंडे लेकर अमर सिंह को मारने के लिए पहुंच गया।



भील टोला रोड पर माणिकलाल के खेत के पास अमर सिंह मिल गया, जहां अरविंद उर्फ ओटू ने डंडे से मारपीट की। इसी दौरान अमर सिंह ने भी पत्थर मारकर ओटू के सिर में चोट पहुंचाई, जिससे आक्रोशित होकर अरविंद उर्फ ओटू, परसराम मालवीय, राहुल ठाकुर एवं सुरेन्द्र जाटव ने मिलकर अमर सिंह के साथ डंडों से बेरहमी से मारपीट की। गंभीर चोटें आने के कारण अमर सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपी की गिरफ्तारी शेष है। गिरफ्तार आरोपियो में परसराम मालवीय पिता मूलचन्द्र मालवीय, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम सांतरा। राहुल ठाकुर पिता मुनेश ठाकुर, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम सांतरा। सुरेन्द्र जाटव पिता प्रकाश जाटव उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम सांतरा शामिल है।

### पुलिस लाइन में उमंग और उल्लास के साथ मना होली मिलन समारोह

# जिला न्यायाधीश, कलेक्टर, एवं पुलिस अधीक्षक भी हुए शामिल

**रायसेन ■ निसं**

साँची मार्ग स्थित पुलिस लाइन परिसर में गुरुवार को 'पुलिस होली मिलन समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया, इस होली उत्सव में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित न्यायपालिका के सदस्यों ने शिरकत की, जिससे कार्यक्रम में आपसी समन्वय और भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने एवं कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा सम्मिलित हुए,इस अवसर पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक



आशुतोष गुप्ता ने उपस्थित समस्त पुलिस बल और उनके परिजनों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की, उन्होंने अपने कहा कि रंगों का यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियों के नए रंग लेकर आए। पुलिसकर्मियों के लिए यह पल तनाव मुक्त और आनंदमयी रहे।ल,बीबी कार्यक्रम में जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिस विभाग का स्टाफ भी मौजूद रहा। इस अवसर पर एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुशे सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित।ः संपादक- डी.पी.गोयल ।मो.9827054436, 9826735596. व्यवस्थापकः श्याम अग्रवाल, भोपाल कार्यालय : 4240007. फैक्सः0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा ।)।